RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-330 | जयपुर, रविवार, 31 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

### सोनपुर में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक पर हमला

# कपड़े फाड़े, पत्थर-अंडे फेंके, हेलमेट पहनकर भागे तब बच सकी जान

कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सोनारपुर में तृणमूल कांग्रेस (TMC) के वरिष्ठ सांसद अभिषेक बनर्जी पर हमले की बड़ी खबर सामने आई है। चुनाव बाद हुई हिंसा के दौरान पीड़ितों से मुलाकात करने पहुंचे टीएमसी नेता पर प्रदर्शनकारियों ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद उग्र भीड़ ने टीएमसी सांसद पर कच्चे अंडे फेंके और उनके साथ मारपीट भी की है। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव है।

### भीड़ ने अभिषेक बनर्जी पर बरसाए अंडे और पत्थर

जब अभिषेक बनर्जी सोनारपुर इलाके का दौरा कर रहे थे, तभी भीड़ ने उन पर पत्थर और अंडे फेंकना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों



के अनुसार, प्रदर्शन कर रहे लोगों, विशेषकर महिलाओं ने उन्हें 'चोर' कहकर चिल्लाना शुरू कर दिया। इसी बीच कुछ लोगों ने तृणमूल नेता को थप्पड़ मारने और लात मारने की भी कोशिश की। इस अचानक हुए हमले में अभिषेक बनर्जी की शर्ट फट गई। स्थिति बिगड़ती देख सुरक्षाकर्मियों ने आनन-फानन में उन्हें सिर पर पुलिस का हेलमेट पहनाया और सुरक्षित तरीके से इलाके से बाहर निकाला।

चुनाव परिणाम घोषित होने के लगभग तीन सप्ताह बाद यह अभिषेक का पहला बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम था। वह सोनारपुर व बेलेघाटा क्षेत्रों में चुनाव बाद हिंसा से प्रभावित तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के परिवारों से मिलने पहुंचे थे। कार्रवाई तृणमूल विधायकों के हस्ताक्षर संबंधी एक मामले की जांच के सिलसिले में की। हालांकि, उस समय अधिकारियों को बताया गया कि अभिषेक आवास पर मौजूद नहीं हैं।

### अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर मढ़ा आरोप



इस हमले के बाद अभिषेक बनर्जी ने सीधे तौर पर केंद्र और राज्य की सत्ताधारी विरोधी पार्टी बीजेपी पर आरोप लगाया है। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, 'यह सब भाजपा द्वारा प्रायोजित हमला है। देखिए उन्होंने क्या किया है, यह उनके लोकतंत्र का उदाहरण है। अभी चुनाव बीते एक महीना भी नहीं हुआ है और मौके से पुलिस पूरी तरह नदारद है। बनर्जी ने चेतावनी दी कि यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है और वे इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। साथ ही, उनकी पार्टी इस पूरी घटना की जानकारी राज्यपाल आरएन रवि को भी देगी।

शुरुआती हंगामे के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच अभिषेक बनर्जी ने अपना दौरा जारी रखा और चुनाव के बाद हुई हिंसा में जान गंवाने वाले एक पीड़ित के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'वे मुझे जान से मारना चाहते हैं। यह एक सोची-समझी साजिश थी। मैं इस जगह को तब तक छोड़कर नहीं जाऊंगा, जब तक स्थानीय पुलिस अपनी फोर्स भेजकर इन पीड़ित परिवारों को पूरी सुरक्षा मुहैया नहीं कराती।

### बीजेपी पर बोला हमला

पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी पर हुए इस हमले पर कड़ी नाराजगी जताते हुए टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने ट्वीट कर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए लिखा, 'शासक ही कातिल बन गए हैं- भाजपा तुम्हें शर्म आनी चाहिए।' ममता बनर्जी के इस बयान ने अब इस सियासी घमासान को और तेज कर दिया है।



## राजस्थान के 9-जिलों में रेतीला बवंडर

जयपुर

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण शनिवार को चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, अलवर और सीकर में रेत का बवंडर आया। इस दौरान 102 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली। अजमेर और जोधपुर में तेज हवा के साथ बारिश हुई। जयपुर के ग्रामीण इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे।

बवंडर के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दिन में अंधेरा छा गया। वाहनों की लाइट जलानी पड़ी। हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के एरिया से इसकी शुरुआत हुई, हवा की रफ्तार 56 किमी प्रतिघंटा थी। आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ गिर गए। बिजली की सप्लाई प्रभावित हुई है।

पाली में अंधड़ से पेड़ गिरने से बच्चे की मौत हो गई। निम्बाड़ा (गुड़ा एंदला) निवासी जिग्नेश(16) पुत्र मादाराम घर के बाहर खेल रहा था, इसी दौरान उसके ऊपर इमली का पेड़ गिर गया। वहीं पाली के पुनायता एरिया में अंधड़ के दौरान बाइक सवार पर पेड़ की डाली गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

जयपुर के चौमूं में रामपुरा पुलिया के पास आंधी में दुकान पर लगा टीन शेड उड़कर सर्विस रोड की ओर जा गिरा। एक बुजुर्ग के करीब से टीनशेड आगे निकल गया। पूरा घटनाक्रम पास स्थित एक दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

उदयपुर में अंधड़ के दौरान झील किनारे बने ओपन रेस्टोरेंट उड़ने लगे। यह देख कर्मचारी टेंट पकड़कर बैठ गए। भीलवाड़ा के मांडल में बीएसएनएल का टावर गिर गया। पास से गुजर रहे राहगीर और होटल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

## इंटरनेशनल पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, साथी खिलाड़ी ने मारी गोली

गाजियाबाद

इंटरनेशनल भारतीय पैरा खिलाड़ी चिराग त्यागी की शनिवार को गाजियाबाद में हत्या कर दी गई। हत्या



चिराग के साथी खिलाड़ी यश खटिक ने ही की। वारदात के समय चिराग बेंगलुरु में हुई इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर घर लौट रहे थे। इस जीत के साथ उन्होंने एशियन पैरा गेम्स में क्वालिफाई किया था। चिराग का शव हिंडन क्षेत्र में साईं उपवन में मिला। उनकी पीठ पर गोली का निशान था। चिराग त्यागी गाजियाबाद के रहने वाले थे। वह 100 और 400 मीटर दौड़ में भाग लेते थे। चिराग ने नेशनल और इंटरनेशनल मंचों पर शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया।

एसीपी उपासना पांडेय ने चिराग की प्रेमिका, कोच और परिजनों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने यश खटिक हिरासत में ले लिया। उसने पूछताछ में हत्या करने की बात कबूल कर ली।

DCP धवल जायसवाल ने बताया- यश खटिक ने पूछताछ में बताया कि वह भी पैरा खिलाड़ी है। पहले चिराग त्यागी के साथ प्रैक्टिस करता था। दोनों ने साथ में प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया था। एक बार डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान चिराग त्यागी ने यस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इससे यश का क्वालिफिकेशन कैंसिल कर दिया गया था। इस बात से यश खटिक नाराज चल रहा था।

## दिल्ली में आईएसआई जुड़े 8 लोग गिरफ्तार

### धार्मिक स्थलों और सरकारी इमारतों पर हमले की साजिश नाकाम, पाकिस्तानी हथियार बरामद

नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI, दाऊद इब्राहिम और शहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पाकिस्तान में बने हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि ये लोग दिल्ली, मुंबई, पंजाब और चंडीगढ़ के प्रमुख धार्मिक स्थल, सरकारी इमारतें, मंत्रालय और सुरक्षाबल पर हमले की साजिश रच रहे थे। ये



आतंकी मॉड्यूल लंबे समय से तैयार किया जा रहा था।

सभी आरोपी पाकिस्तान और दुबई में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे। सुरक्षा एजेंसियां अब फंडिंग सोर्स, मास्टरमाइंड और स्थानीय मददगारों की तलाश कर रही हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में उत्तर प्रदेश का विजय उर्फ शूटर, झारखंड का नितीश पासवान, महाराष्ट्र के तौकीर रिजवान अहमद शेख और साजिद महबूब शेख उर्फ अरबाज खान, पंजाब के हरविंदर सिंह, गगनदीप सिंह और मनजीत सिंह और नेपाल का नागरिक आंग कामी लामा शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक विजय उर्फ शूटर को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में आतंकी और आपराधिक गतिविधियां संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। साथ ही उसे दिल्ली-एनसीआर में युवाओं की भर्ती कर उन्हें नेटवर्क से जोड़ने का काम भी सौंपा गया था।

विजय को 14 मई को पुणे से और उसके सहयोगी नितीश पासवान को 17 मई को झारखंड के साहिबगंज से गिरफ्तार किया गया। दोनों की भर्ती मुंबई के एक व्यक्ति हुजैफा ने की थी, जो फिलहाल फरार है।

विजय से पूछताछ के बाद पुलिस ने 27 मई को मुंबई से तौकीर रिजवान अहमद शेख और साजिद महबूब शेख उर्फ अरबाज खान को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि दोनों ISI से जुड़े हैंडलरों यावर खान और मुन्ना झिंगाड़ा के संपर्क में थे।

## पैरोल के बाद भी कैदी को 24-दिन जेल में रखा, सुप्रीम कोर्ट ने अवैध रूप से हिरासत मानी

### पीड़ित को 11 लाख मुआवजा देने का आदेश

जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल के आदेश के बाद भी एक कैदी को 24 दिन तक जेल में रखने के मामले में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पीड़ित को 11 लाख रुपए का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं।

हाईकोर्ट से पैरोल के आदेशों के बावजूद कैदी को रिहा करने में 24 दिन की देरी को अवैध रूप से हिरासत में रखना माना गया है। जस्टिस संजय करोल और अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दाऊदयाल बनाम राजस्थान सरकार के मामले में 29 मई को यह फैसला सुनाया है।

प्रशासनिक लेटलतीफी पर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणियां की। कोर्ट ने साफ किया कि कोई व्यक्ति दोषी है, केवल इसलिए उसके मानवाधिकार कम नहीं हो जाते। प्रशासनिक देरी किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती।

कोर्ट ने जेल से रिहाई में देरी के पीछे राज्य सरकार का यह तर्क खारिज कर दिया कि वे आदेश को चुनौती देने पर विचार कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जब तक ऊपरी अदालत से स्टे नहीं मिले, तब तक अदालत के आदेश का पालन करना अनिवार्य है।

अपीलकर्ता दाऊदयाल को अलवर की कोर्ट ने साल 1988 के गैर इरादतन हत्या केस में 4 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

## डीके शिवकुमार कर्नाटक के 24वें सीएम होंगे

बेंगलुरु

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार अब राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बनेंगे। बेंगलुरु में शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 3 जून की शाम डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बैठक में बाद शिवुकमार ने राज्यपाल



थावरचंद गहलोत से मुलाकात की।

सूत्रों के मुताबिक ष्टरूके साथ-साथ कैबिनेट भी बदलेगी। मौजूदा कैबिनेट से 10 मंत्री हटाए जा सकते हैं। नई कैबिनेट में सिद्धारमैया और मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे भी शामिल होंगे। 4 डिप्टी ष्टरूभी बनाए जा सकते हैं।शिवकुमार 'सीएम रोटेशनल फॉर्मूला' के तहत मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। सिद्धारमैया 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे हैं। आज की बैठक में कर्नाटक कांग्रेस इंचार्ज रणदीप सुरजेवाला, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे। दोनों को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## एसएमएस हॉस्पिटल में छज्जा गिरने से युवक की मौत

जयपुर

राजस्थान के सबसे बड़े सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में छज्जा गिरने से 1 युवक की मौत हो गई। 1 व्यक्ति घायल हो गया, जिसे ट्रॉमा सेंटर में इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया। हादसा शनिवार को दोपहर करीब 3 बजे हुआ।

बताया जा रहा है कि चरक भवन के पास बने डॉक्टर्स सेमिनार हॉल की बिल्डिंग का कुछ हिस्सा जर्जर हो चुका है, जिसके चलते इसके उपयोग को सीमित कर दिया गया था। शनिवार को जब छज्जे का हिस्सा गिरा तो बाहर 2 व्यक्ति सो रहे थे, जिनके ऊपर मलबा गिर गया। मलबे में दबने से दोनों व्यक्ति घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। मृतक का नाम सागर (40) निवासी केकड़ी बताया जा रहा है।

हॉस्पिटल में तैनात सुरक्षा गार्डों ने बताया- ये दोनों व्यक्ति खाना खाने के बाद इस बिल्डिंग के पास सो गए थे। इसी दौरान बिल्डिंग के छज्जे का मलबा इन पर गिर गया।

## भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार: आर्मी चीफ

### हमने बेंचमार्क बनाया कि भारत उकसावे पर कैसा जवाब देता है

पुणे/दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी



उकसावे पर कैसे जवाब देता है। आज पास होने वाले अफसर अपने करियर की शुरुआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें।

आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। उन्होंने 355 कैडेट अफसरों की परेड की सलामी ली।

इस दौरान कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। एयरफोर्स के फ्लाईपास्ट में सुखोई, चेतक हेलिकॉप्टर, सारंग हेलिकॉप्टर एरोबेटिक्स टीम और आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम ने हिस्सा लिया।

आधुनिक युद्ध पारदर्शी हो गया है। 24 घंटे हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। ऐसे में सैनिकों की तैनाती, ऑपरेशन और बॉर्डर के पास बसे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

### मुख्यमंत्री ने किया कर्मचारी कल्याण स्मारिका का विमोचन

# ईमानदारी और पारदर्शिता ही सुशासन की पहचान: सीएम

### भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहें कार्मिक, जन सेवा को बनाएं ध्येय

जयपुर

30 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को पूरा करने में कार्मिकों की अहम भूमिका है। ईमानदारी और पारदर्शिता से किया गया कार्य ही सुशासन की पहचान बनता है। इसलिए जनता को समय पर सेवाएं देकर कार्य संस्कृति को मजबूत बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्मिक अपनी सेवा में पूर्ण शुचिता को अपनाएं और भ्रष्ट



आचरण के दलदल से दूर रहकर जन सेवा के ध्येय को और अधिक मजबूत बनाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर के आरआईसी में आयोजित राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के नवम महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' के मूलमंत्र पर चलते हुए हमने 103 अधिकारियों को निलंबित किया है, 6 अफसरों को सेवा से बर्खास्त किया है और 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई है। वहीं रिश्वत, ट्रैप, पद का दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति प्रकरणों के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 अन्य प्रकरणों में भी कठोर कार्रवाई की है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाएं शहर की पहचान होती हैं। प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने में नगर पालिका कर्मचारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो हर समय जनता की सेवा में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने पूरे देश में 16वां स्थान प्राप्त किया, वहीं 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में उदयपुर 13वें स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश के शहरों को स्वच्छता में देश में अग्रणी बनाने के लक्ष्य के साथ काम करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन की पहल देश में आज जन आंदोलन बन चुकी है। इस अभियान के माध्यम से लोगों की स्वच्छता की आदतों में बदलाव आया है। वहीं, घर-घर में शौचालय बनवाकर हमारी माता-बहनों के जीवन को एक गरिमा प्रदान की गई है। साथ ही, शहरों में अच्छे बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्मार्ट सिटी मिशन प्रारंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में जल संचय-जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सशक्त बनाने के क्रम में राज्य में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही हमारी सरकार ने हरियालो राजस्थान अभियान में अभी तक प्रदेशभर में लगभग 20 करोड़ पौधे लगाए हैं और इस वर्ष भी 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार चंदन वन भी विकासित किए जाएंगे।

## ईरान को 29 लाख करोड़ रीकंस्ट्रक्शन फंड मिलेगा

### ट्रम्प बोले- परमाणु कार्यक्रम पर सहमति, ईरान ने खारिज किया

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित 60 दिन के युद्धविराम समझौते में ईरान को बड़ी आर्थिक मदद देने की बात सामने आई है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, समझौता होने पर ईरान को 300 अरब डॉलर का फंड दिया जा सकता है। साथ ही अमेरिकी कंपनियों को ईरान में निवेश की अनुमति भी मिल सकती है। एक ईरानी अधिकारी ने इसे रीकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम बताया।है। उनका कहना है कि अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद ईरान को यह आर्थिक सहायता देने का वादा किया जाएगा।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि दोनों देश परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौते के करीब हैं। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा और उसके पास मौजूद संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम को खत्म कर दिया जाएगा।

हालांकि, ईरान ने ट्रम्प के दावे को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि फिलहाल परमाणु मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं चल रही है। वहीं, फार्स न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि समझौते के मसौदे में परमाणु सामग्री को नष्ट करने जैसी कोई शर्त शामिल नहीं है।

## महिला वॉशरूम में मिला सीक्रेट कैमरा, सरकारी दफ्तर में मचा हड़कंप

जगतसिंहपुर ((एजेंसी)।ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में स्थित जिला ग्रामीण विकास एजेंसी कार्यालय में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।यहां महिला वॉशरूम में संदिग्ध सीक्रेट कैमरा मिलने से सरकारी दफ्तर में हड़कंप मच गया।घटना सामने आने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुट गई है।बताया जा रहा है कि वित्त विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी मधुस्मिता सामंतराय जब वॉशरूम में पहुंचीं, तभी उन्हें एक संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस दिखाई दिया। डिवाइस नीचे गिरा हुआ था, जिससे शक होने पर उन्होंने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध कैमरे को जब्त कर लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।तिरतोल के उप पुलिस अधीक्षक अजय कुमार दास ने बताया कि मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई गई है। कार्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कैमरा किसने और कब लगाया। डिजिटल फॉरेंसिक टीम यह जांच कर रही है कि कैमरे में कोई रिकॉर्डिंग मौजूद है या नहीं और कहीं डेटा किसी अन्य डिवाइस में ट्रांसफर तो नहीं किया गया। घटना के बाद महिला कर्मचारियों में डर और नाराजगी का माहौल है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## कमजोर पड़ सकता है मानसून, अल नीनो बढ़ा रहा चिंता

नईदिल्ली(एजेंसी)। देश में मानसून की दस्तक को लेकर जहां अच्छी खबर सामने आ रही है, वहीं मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता भी बढ़ा दी है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से केरल तट की ओर बढ़ रहा है और समय से पहले पहुंचने की संभावना जताई गई है। लेकिन इसके साथ ही इस वर्ष देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान भी लगाया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रशांत महासागर में विकसित हो रही 'अल नीनो' स्थिति भारत के मानसून को कमजोर कर सकती है।अल नीनो के प्रभाव से बारिश कम होने और गर्मी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि इस बार मानसूनी बारिश दीर्घकालिक औसत से नीचे रह सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य भारत के कई इलाकों में बारिश सामान्य से कम रह सकती है, जबकि कुछ क्षेत्रों में अचानक भारी बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति भी बन सकती है। मौसम विभाग ने जून से कई राज्यों में लू के बढ़ते खतरे की चेतावनी भी दी है। कमजोर मानसून का सबसे बड़ा असर खेती, जल संकट और महंगाई पर पड़ सकता है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और कम बारिश से फसलों के उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

## नाबालिग से गैंगरेप का आरोपी दरोगा अरेस्ट

कानपुर(एजेंसी)।कानपुर में नाबालिग लडकी से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी दरोगा अमित कुमार मौर्या को पुलिस 144 दिन बाद गिरफ्तार कर सकी। आरोपी दरोगा पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था।आरोप है कि 5 जनवरी को दरोगा ने यूट्यूबर शिवबरन सिंह के साथ मिलकर सचेंडी क्षेत्र निवासी 14 साल की लडकी के साथ गैंगरेप किया।इसके बाद पुलिस ने यूट्यूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि आरोपी दरोगा फरार चल रहा था। पीड़ित लडकी के मुताबिक, 5 जनवरी की रात करीब 9.30 बजे वह शौच के लिए घर से बाहर गई थी।इसी दौरान भीमसेन चौकी में तैनात दरोगा अमित कुमार मौर्या और यूट्यूबर शिवबरन यादव ने उसके साथ गैंगरेप किया। करीब 45 मिनट तक उसके साथ दरिंदगी हुई। मामले में किशोरी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

## पूर्व सपा नेता नवाब सिंह को 8 साल की सजा

कन्नौज(एजेंसी)।नाबालिग से रेप के आरोपी और पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव और उसके भाई नीलू को गैंगस्टर मामले में 8-8 साल की सजा हुई है। कन्नौज कोर्ट ने शुक्रवार को इसी मामले में सहआरोपी पूजा तोमर को भी 6 साल की सजा सुनाई।कोर्ट ने नवाब और नीलू पर 10-10 लाख रुपए और पूजा तोमर पर 5 लाख का जुर्माना लगाया है। नवाब सिंह यादव को दो साल पहले 15 साल की नाबालिग से रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पीड़ित को पूजा तोमर नवाब सिंह के पास लेकर पहुंची थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे सह-आरोपी बनाया था।जांच में सामने आया कि नवाब सिंह के भाई नीलू ने साक्ष्य मिटाने और जांच को प्रभावित करने की कोशिश की।इसके बाद पुलिस ने नीलू और नाबालिग की रिश्तेदार को भी गिरफ्तार किया।मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर ओडिशा में अलर्ट, सीमावर्ती जिलों में बढ़ाई निगरानी

भुवनेश्वर(एजेंसी)।पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ चल रहे अभियान के बाद अब ओडिशा सरकार भी सतर्क हुई है।ओडिशा सरकार ने पश्चिम बंगाल से सटी सीमाओं वाले जिलों में संभावित घुसपैठ को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। खासतौर पर बालासोर और मयूरभंज जिलों में सुरक्षा एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश हैं। यह कदम तब उठाया गया, जब उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट उप-मंडल स्थित हाकिमपुर जांच चौकी पर बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों के जुटने की खबर सामने आई। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पूर्वी परिक्षेत्र) पिनाक मिश्रा ने कहा कि बंगाल में कार्रवाई के चलते संदिग्ध घुसपैठिए दूसरे राज्यों की ओर रुख कर सकते हैं। इसके बाद उनके ओडिशा में प्रवेश की आशंका को देखकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ जलमार्गों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है और संबंधित पुलिस थानों को सतर्क किया गया है। मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें कानून के तहत देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया जारी है। बालासोर जिले के भोगराई और जलेश्वर ब्लॉक पश्चिम बंगाल के कई जिलों से जुड़े हुए हैं, जबकि मयूरभंज की सीमा भी पश्चिम मेदिनीपुर से लगती है। इसकारण इन इलाकों में अतिरिक्त चौकसी बरती जा रही है।इस मुद्दे पर ओडिशा की राजनीति भी गरमा गई है।राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि घुसपैठियों की पहचान और निर्वासन के लिए अभियान पहले से चलाया जा रहा है।

# भारत के पास सिर्फ 4-5 दिन का रणनीतिक तेल भंडार: पेट्रोल-एलपीजी की कीमतों पर दबाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, कंसल्टेंसी फर्म ने भारत को भविष्य के संकटों से बचने के लिए एक बड़ा रणनीतिक भंडार तैयार करने की चेतावनी दी है। फर्म की मई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में केवल 4-5 दिनों की घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए ही कच्चा तेल रणनीतिक भंडार में है, जो आम लोगों की जेब पर पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और खाद की कीमतों में भारी उछाल के रूप में सीधा असर डाल सकता है।

रिपोर्ट में पश्चिम एशिया में जारी संकट को बड़ी वजह माना गया है, जिसने भारत की आयात पर अत्यधिक निर्भरता को उजागर किया है। कंसल्टेंसी फर्म का कहना है कि अगर वैश्विक संकट लंबा खिंचता है, तब ईंधन की बढ़ती कीमतें सिर्फ पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि ट्रांसपोर्ट, बिजली, खेती और रोजमर्रा के खर्चों को भी महंगा करेगी। विशेष रूप से, महंगे उर्वरक सीधे तौर पर खाद्य महंगाई को बढ़ावा देने वाले हैं, जिससे आम आदमी का बजट और बिगड़ सकता है।

भारत के सीमित भंडार की तुलना में चीन और जापान जैसे देशों के पास कहीं अधिक बड़े रणनीतिक भंडार मौजूद हैं। इस गंभीर स्थिति को देखकर मोदी सरकार को पांच प्रमुख क्षेत्रों कच्चा तेल, खाद, रेयर अर्थ मटेरियल, जरूरी दवाइयां और मेडिकल इंस्ट्रूमेंट्स में बड़े रिजर्व बनाने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन भंडारों से वैश्विक सप्लाई चेन बाधित होने पर भी देश में जरूरी सामान की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

अप्रैल 2026 में वैश्विक कच्चे तेल की औसत कीमत 103.9 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो जुलाई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। कंसल्टेंसी फर्म ने चेतावनी दी है कि तेल की कीमतों में लंबे समय तक वृद्धि भारत के चालू खाता घाटे और महंगाई दोनों को बढ़ा सकती है, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ सकता है और आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। इस चुनौती से निपटने के लिए, रिपोर्ट में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (आईएमईसी) और इंडो-पैसिफिक रूट्स को मजबूत करने की वकालत की गई है। साथ ही, इलेक्ट्रिक व्हीकल, ग्रीन एनर्जी और घरेलू ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया गया है, ताकि आयातित तेल पर निर्भरता कम हो सके। कंसल्टेंसी फर्म का स्पष्ट मानना है कि मौजूदा वैश्विक हालात इस बात को पुख्ता करते हैं कि अब केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आर्थिक सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो गई है। खासकर भारत जैसे विशाल आयात-निर्भर देश के लिए भविष्य के अप्रत्याशित झटकों से निपटने के लिए पहले से तैयारी करना अत्यंत आवश्यक है।

## केरल विधानसभा में वंदे मातरम के अधूरे गान पर राज्यपाल अर्लेकर ने जाहिर की नाराजगी

तिरुवंतनमपुरम (एजेंसी)। केरल विधानसभा में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने केरलम सरकार के नीतिगत भाषण के दौरान वंदे मातरम के पूर्ण गायन न होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की है।उन्होंने इस उचित प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताकर कहा कि राज्यपाल की उपस्थिति में राष्ट्रीय गीत का पूरा गायन अनिवार्य है।विधानसभा सत्र से लौटने के बाद राज्यपाल अर्लेकर ने स्पष्ट किया कि सदन में गीत केवल बजाया गया, गाया नहीं गया, और वह भी अधूरा। उन्होंने बताया कि उन्होंने इसबारे में विधानसभा अध्यक्ष थिरुवनचूर राधाकृष्णन से पहले ही बात कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि इस मुद्दे का उचित समाधान निकलेगा। इस घटना पर भाजपा ने भी कड़ी आपत्ति जाहिर की है।पार्टी के वरिष्ठ नेता और कझाक्कुट्टम विधायक वी. मुरलीधरन ने आरोप लगाया कि यह न केवल राज्यपाल का बल्कि वंदे मातरम और लोकसभा का भी अपमान है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कि राज्यपाल की उपस्थिति वाले कार्यक्रमों में वंदे मातरम का पूर्ण गायन होना चाहिए, केरल विधानसभा में इसका पालन नहीं किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन ने इसके लिए वी. डी. सतीशान के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार को जिम्मेदार मानकर कहा कि यह जमात-ए-इस्लामी और सीपीआई (एम) के दबाव में किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे यह संदेश जाता है कि सरकार वंदे मातरम को धर्मनिरपेक्षता के अनुरूप नहीं मानती। इस घटना ने राज्य की राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है, जहां राष्ट्रीय गीतों के प्रोटोकॉल और राजनीतिक मंशा पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## राष्ट्रपति बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर भारत आएंगे मिन आंग ह्लाइंग



**-चीन को छोड़ भारत को दे रहे प्राथमिकता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिन आंग ह्लाइंग म्यांमार के राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत आने वाले हैं। रविवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले मिन आंग ह्लाइंग की यह यात्रा रणनीतिक और सुरक्षा दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खास बात यह है कि चीन के साथ करीबी संबंधों के बावजूद उन्होंने अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना है, जिसे बदलते क्षेत्रीय भू-राजनीतिक समीकरणों में अहम संकेत माना जा रहा है।

यहां बताते चलें, कि मिन आंग ह्लाइंग ने 10 अप्रैल 2026 को म्यांमार के राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला था। इससे पहले वह सैन्य जुंटा के प्रमुख के रूप में देश का नेतृत्व कर रहे थे। भारत और म्यांमार के बीच 1,600 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा है, जो पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा और उग्रवाद से जुड़ी चुनौतियों के कारण हमेशा संवेदनशील रही है। भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हिस्सा लिया था और उसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया गया था। बताया जा रहा है कि इस यात्रा में दोनों देशों के बीच सुरक्षा, व्यापार, विकास और कनेक्टिविटी जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार के 'मिशन 2029' में म्यांमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस मिशन का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत से उग्रवाद का पूरी तरह खात्मा करना है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार कई उग्रवादी संगठन वर्षों से म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्रों में पनाह लेते रहे हैं। इनमें एनएससीएन, उल्फा और कई मणिपुरी उग्रवादी समूह शामिल हैं। भारत और म्यांमार के बीच बेहतर तालमेल से सीमा पार हथियारों की तस्करी, नार्को-टेररिज्म और उग्रवाद पर प्रभावी नियंत्रण संभव माना जा रहा है। इससे पहले भारतीय सुरक्षा बल म्यांमार में उग्रवादी ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई भी कर चुके हैं। हाल ही में तत्कालीन नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी की म्यांमार यात्रा भी द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी गई थी।

# विधानसभा चुनावों में हार के बाद सक्रिय हुआ इंडिया गठबंधन, जून में हो सकती है बड़ी बैठक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में विपक्षी दलों को मिली हार के बाद इंडिया गठबंधन एक बार फिर सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। सूत्रों के मुताबिक विपक्षी गठबंधन के प्रमुख नेताओं की अहम बैठक जून के पहले सप्ताह में हो सकती है। माना जा रहा है कि यह बैठक छह जून को आयोजित की जा सकती है।

पश्चिम बंगाल और असम में मिली हार के बाद तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने विपक्षी एकता को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया है। ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन की बैठक बुलाने की मांग करते हुए कहा कि वर्ष 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष को एकजुट होना होगा।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हालिया चुनाव परिणामों ने साफ संकेत दिया है कि भारतीय जनता पार्टी लगातार मजबूत हो रही है, जबकि कई क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक पकड़ कमजोर पड़ी है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, तमिलनाडु में एम. के. स्टालिन, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और बिहार में तेजस्वी यादव को चुनावी झटके लगे हैं। वहीं कांग्रेस ने केरल में वापसी कर अपनी स्थिति मजबूत करने का संकेत दिया है। सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित बैठक में संसद की रणनीति, राज्यों में सीटों का तालमेल और राष्ट्रीय मुद्दों पर साझा अभियान को लेकर चर्चा हो सकती है। विपक्षी दलों के बीच समन्वय की कमी बिहार चुनाव में भी दिखाई दी थी, जहां कई सीटों पर सहयोगी दल आमने-सामने चुनाव लड़ते नजर आए थे। इंडिया गठबंधन का गठन वर्ष 2023 में हुआ था और इसकी पहली बैठक पटना में आयोजित की गई थी। अब आगामी बैठक को विपक्षी राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पंजाब निकाय चुनाव: दूसरे और तीसरे नहीं चौथे नंबर पर भगवा दल

**-नए अध्यक्ष को कमान मिलते ही लगा करारा झटका**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन में बड़े बदलाव की उम्मीदों पर निकाय चुनाव के नतीजों ने पानी फेर दिया है। केवल सिंह ढिल्लों को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के महज 24 घंटे के अंदर नगर निकाय चुनाव परिणामों ने भगवा दल को तगड़ा झटका दिया है। भाजपा ने ढिल्लों के रूप में एक नया चेहरा पेश कर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और विधानसभा चुनाव से पहले सकारात्मक माहौल बनाने की उम्मीद की थी, लेकिन इन नतीजों ने उन उम्मीदों पर ठंडा पानी डाल दिया। पार्टी पूरे राज्य में सिर्फ 52 सीटों पर सिमट गई, जो उसके लिए गंभीर चिंता का विषय है।

इन परिणामों की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा न सिर्फ आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल से पीछे रही, बल्कि अन्य उम्मीदवारों और निर्दलियों से भी पिछड़ गई। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि पंजाब में भाजपा अभी भी अपनी जमीन तलाश रही है और भगवा दल को राजनीतिक रूप से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए लंबा सफर तय करना है। किसान आंदोलन के बाद बनी दूरी, स्थानीय नेतृत्व का अभाव और क्षेत्रीय राजनीतिक मुद्दों की गहरी समझ की कमी पार्टी को लगातार नुकसान पहुंचा रही है। अब नए अध्यक्ष ढिल्लों के सामने सिर्फ संगठन चलाने की नहीं, बल्कि पार्टी को कठिन परिस्थिति से बाहर निकालने और जनता का विश्वास फिर से जीतने की बड़ी चुनौती खड़ी है। नगर निकाय चुनाव के नतीजे भाजपा के लिए केवल हार नहीं, बल्कि एक गहरी चेतावनी की घंटी हैं। पंजाब जैसे राज्य में जहां लोकल और क्षेत्रीय मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श पर हावी रहते हैं, वहां भाजपा अभी तक एक मजबूत जनाधार स्थापित नहीं कर सकी है। इन चुनावों में आम आदमी पार्टी ने फिर अपनी संगठनात्मक शक्ति और लोकल स्तर पर मजबूत पकड़ का प्रदर्शन किया। भगवंत मान सरकार की मुफ्त बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी लोक-लुभावन योजनाओं ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पार्टी को जनसमर्थन दिलाया। वहीं, कांग्रेस अपनी पारंपरिक ताकत बचाने में सफल रही और अकाली दल भी भाजपा से बेहतर प्रदर्शन कर उससे आगे निकलने में कामयाब रहा। इसके बाद भाजपा के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सिर्फ चेहरा बदलने से पंजाब में उसके हालात बदल जाएंगे? ढिल्लों को अब केवल कार्यकर्ताओं में भरोसा बहाल करने की नहीं, बल्कि बूथ स्तर से लेकर किसान और सिख समुदाय तक पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए भी कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी को अपनी रणनीति में बदलाव कर केवल हिंदुत्व की राजनीति से आगे बढ़कर लोकल मुद्दों जैसे किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी, व्यापार और नशे की समस्या पर ठोस कार्य करना होगा।

# निमाज के आई.जी. हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत पर बवाल

## डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही और साक्ष्य छुपाने का आरोप, परिजनों ने की FIR दर्ज करने की मांग

### अस्पताल प्रबंधन की बड़ी चूक: खून लेने ब्यावर भेजा भाई, पीछे से गंभीर हालत में बिना सायरन के एम्बुलेंस से किया रेफर, रास्ते में तोड़ा दम

स्मार्ट हलचल| अनिल कुमार



**ब्यावर / निमाज** ।स्थानीय क्षेत्र के रायरा कलां निवासी एक 23 वर्षीय प्रसूता की प्रसव के दौरान हुई कथित चिकित्सकीय लापरवाही के कारण मौत हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक महिला श्रीमती रेशमा के भाई ईश्वर सिंह ने निमाज स्थित 'आई.जी. हॉस्पिटल' के संचालकों, डॉ. कानाराम, डॉ. लता चौधरी और नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ इलाज में घोर लापरवाही बरतने, सच छुपाने और आपराधिक कृत्य करने का संगीन आरोप लगाते हुए पुलिस व उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी है। परिजनों ने दोषी स्टाफ के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही और अस्पताल के समस्त मेडिकल रिकॉर्ड को तत्काल जब्त करने की मांग की है।

**रात को भर्ती कर सुबह भेजा घर, दोबारा बुलाकर लगाया इंजेक्शन**

शिकायत के अनुसार, गर्भवती रेशमा को डिलीवरी का समय पूरा होने पर 25 मई को शाम करीब 4:00 बजे आई.जी. हॉस्पिटल लाया गया था। जहां डॉ. कानाराम ने जांच के बाद प्रसव की संभावना जताते हुए उसे भर्ती कर लिया। लेकिन देर रात करीब 1:30 बजे तक प्रसव पीड़ा शुरू नहीं होने पर अस्पताल प्रशासन ने लापरवाही पूर्वक परिजनों को प्रसूता के साथ घर भेज दिया और सुबह वापस आने को कहा। अगले दिन 26 मई को सुबह जब परिजन दोबारा अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने प्रसव प्रक्रिया तेज करने के लिए एक इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद डिलीवरी तो हो गई, लेकिन प्रसूता की स्थिति बिगड़ती चली गई।

**अचेत अवस्था में छोड़ा, परिजनों को रखा अंधेरे में**

परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के तुरंत बाद नवजात बच्चे को तो बाहर वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन रेशमा को करीब दो घंटे तक लेबर रूम में ही रखा गया। जब उसे बाहर लाया गया, तो वह पूरी तरह अचेत (बेहोश) थी। सुबह से शाम तक उसकी हालत लगातार गिरती रही, लेकिन बार-बार पूछने पर भी डॉक्टरों ने परिजनों को उसकी वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराया।

**खुद की एम्बुलेंस खड़ी थी, फिर भी भाई को लहू लेने ब्यावर भेजा**

शाम करीब 6:00 बजे डॉक्टरों ने अचानक प्रसूता को 3 यूनिट रक्त की आवश्यकता बताते हुए उसके भाई ईश्वर सिंह को तुरंत ब्यावर ब्लड बैंक भेजा। पीड़ित भाई, जो स्वयं एक एम्बुलेंस संचालक है और उसकी गाड़ी अस्पताल के बाहर ही खड़ी थी, ने बताया कि डॉक्टरों को इस बात की जानकारी थी। इसके बावजूद उसे जानबूझकर वहां से दूर भेजा गया। ईश्वर सिंह के ब्यावर पहुँचते ही अस्पताल से फोन आया कि अब रक्त लाने की जरूरत नहीं है और मरीज को ब्यावर रेफर किया जा रहा है। इसी बीच लेबर रूम के बाहर मौजूद महिला परिजनों को डॉ. लता चौधरी ने कहा कि रक्तस्राव रोकने के लिए बच्चेदानी निकालनी पड़ सकती है, जिससे साफ है कि डॉक्टरों को अत्यधिक ब्लीडिंग (Post Partum Hemorrhage) की जानकारी थी, फिर भी सही समय पर कदम नहीं उठाए गए।

**बिना सायरन रेंगती रही एम्बुलेंस, रास्ते में ही थम गईं सांसें**

पीड़ित परिवार ने अस्पताल की एम्बुलेंस सेवा पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के मुताबिक, जब रेशमा को अचेत अवस्था में ब्यावर के लिए रवाना किया गया, तो एम्बुलेंस चालक बेहद सामान्य गति से गाड़ी चला रहा था और पूरे रास्ते आपातकालीन सायरन का प्रयोग भी नहीं किया गया। निमाज से रवाना होने के मात्र पांच मिनट बाद ही रेशमा के शरीर में कोई हलचल नहीं बची। ब्यावर पहुंचने पर वहां के डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे 'मृत घोषित' (Brought Dead) कर दिया।

**मेडिकल दस्तावेजों ने खोली अस्पताल के दावों की पोल**

उपलब्ध चिकित्सकीय दस्तावेजों के अनुसार, भर्ती के समय 25 मई को रेशमा का हीमोग्लोबिन 9.8 द्द्व% था, जो अगले ही दिन घटकर मात्र 7.5 द्द्व/स्त्रद्य रह गया। ब्लड बैंक के रिकॉर्ड में भी स्पष्ट रूप से ÒPost Partum HemorrhageÓ (PPH) ¥õÚU ÒAnemiaÓ दर्ज है, जो यह साबित करता है कि प्रसव के बाद अत्यधिक खून बहने के कारण ही महिला की स्थिति बिगड़ी थी, जिसका अस्पताल प्रबंधन समय रहते उपचार करने में पूरी तरह नाकाम रहा।

**रिकॉर्ड सील करने और मेडिकल बोर्ड से जांच की मांग**

मृतका के भाई ईश्वर सिंह ने प्रशासन से मांग की है कि आई.जी. हॉस्पिटल के इनडोर केस शीट, लेबर रूम रजिस्टर, पार्टोग्राफ, डिलीवरी नोट्स, सीसीटीवी फुटेज और ड्यूटी रोस्टर समेत कुल 15 महत्वपूर्ण दस्तावेजों को तुरंत जब्त किया जाए ताकि अस्पताल प्रबंधन साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न कर सके। परिजनों ने निष्पक्ष मेडिकल बोर्ड का गठन कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजने की गुहार लगाई है। इस घटना के बाद से ही पीड़ित परिवार सदमे में है और क्षेत्र के ग्रामीणों में निजी अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।



# राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी पर चला प्रशासन का पीला पंजा, 90 अस्थाई एवं 6 स्थाई अतिक्रमण, मचा हड़कम्प





स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भीम-उनियारा राष्ट्रीय राजमार्ग 148डी पर वर्षो से जमे अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ शनिवार को फुलिया कल प्रशासन एवं एनएचआई ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। सरसुंदा चौराहे से लेकर अरवड़ चौराहे तक राष्ट्रीय राजमार्ग की दोनों ओर 15-15 मीटर सीमा के भीतर किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पुलिस की संयुक्त टीम मैदान में उतरी। कार्रवाई का सबसे बड़ा केंद्र नई राज्यास चौराहा रहा,जहां सड़क सीमा में दोनों तरफ स्थापित केबिनों, दुकानों के बाहर बने टीनशेडों, छपरों तथा अन्य अतिक्रमणों पर प्रशासन का पीला पंजा चला।शनिवार सुबह जैसे ही प्रशासनिक अमला,फुलियाकलां पुलिस जाप्ता और एनएचआई की टीम जेसीबी मशीनों के साथ अतिक्रमण हटाने मौके पर पहुंची,अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।कई लोग आनन-फानन में अपना सामान समेटने में जुट गए,जबकि प्रशासन ने चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। देखते ही देखते वर्षों से सड़क सीमा में जमी केबिनें उखाड़ दी गईं, टीनशेड धराशायी हो गए और अवैध निर्माण मलबे में तब्दील हो गए।वही कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए और दिनभर क्षेत्र में यही कार्रवाई चर्चा का विषय बनी रही।तहसीलदार रामदेव धाकड़ ने बताया कि जिला कलेक्टर भीलवाड़ा के आदेश एवं उपखंड अधिकारी फुलियाकलां के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सरसुंदा से अरवड़ तक कुल 90 अस्थाई एवं 3 स्थाई अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे। इनमें केबिनें, दुकानों के बाहर बने टीनशेड, छपरे, अस्थायी ढांचे, पक्के रैंप, सड़क सीमा में लगे प्रचार-प्रसार के बोर्ड, होर्डिंग्स तथा अन्य अवैध निर्माण शामिल थे।कार्रवाई के दौरान चाय की थड़ियां, ठेले, तारबाड़, ईंधन की लकड़ियां, छपरे, मकान व दुकानों के आगे बनाए गए शेड, कृषि यंत्र, दुकानों का सामान तथा मिट्टी-पत्थर के अवैध अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान ग्राम नई राज्यास में 50 अस्थाई एवं 3 स्थाई, पनोतियां में 25 अस्थाई एवं 3 स्थाई तथा ग्राम अरवड़ में 15 अस्थाई अतिक्रमण हटाकर कुल 90 अस्थाई एवं 6 स्थाई अतिक्रमणों पर कार्रवाई की गई।नई राज्यास चौराहे पर सब्जी एवं किराना व्यापारियों द्वारा सड़क सीमा में रखी गई केबिनों को हटाया गया। दुकानों के बाहर वर्षों से बने टीनशेड और छपरों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया।सड़क किनारे बने कार सर्विस सेंटर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर बनाए गए पक्के रैंप और टीनशेड को भी हटाया गया। इसके अलावा पानोतिया चौराहे पर बने स्थाई पक्के विश्रांति ग्रह को भी धराशाही किया एवं अरवड़ चौराहे पर स्थित होटलों, दुकानों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा किए गए अतिक्रमणों को प्रशासन द्वारा राज्यास और पनोतिया में की गई कार्यवाही के दौरान स्वयं अतिक्रमणकारियों ने हटाने का काम शुरू कर दिया तथा कुछ प्रशासन ने हटवाया।साथ ही सड़क सीमा में लगे विभिन्न संस्थानों और प्रतिष्ठानों के विज्ञापन बोर्ड एवं होर्डिंग्स को भी हटाकर राजमार्ग को साफ कराया गया।

### छह माह में कई बार नोटिस, फिर भी नहीं हटाया अतिक्रमण

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कोटा अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह पंवार ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा पिछले करीब छह माह के दौरान कई बार नोटिस जारी कर अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बार-बार चेतावनी और समझाइश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए गए। इसके बाद एनएचआई ने अंतिम नोटिस जारी कर पांच दिन की मोहलत दी थी।नोटिस में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई थी कि निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा अतिक्रमण हटाने में आने वाला पूरा खर्च भी संबंधित अतिक्रमणकर्ता से वसूला जाएगा। इसके बावजूद अतिक्रमण यथावत बने रहने पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी।

### सड़क सुरक्षा और यात्रियों की जान बचाने के लिए जरूरी थी कार्रवाई

तहसीलदार रामदेव धाकड़ ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रहे थे। कई स्थानों पर अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों की दृश्यता प्रभावित हो रही थी,जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। अतिक्रमणकारियों को पर्याप्त समय और कई अवसर दिए गए,लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा।राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कोटा के अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह पंवार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग लाखों लोगों की आवाजाही का प्रमुख माध्यम है और सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। राजमार्ग सीमा में किए गए अतिक्रमण यातायात संचालन में बाधा उत्पन्न करने के साथ दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं।उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर अतिक्रमण किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हजारों यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा विषय है और सड़क सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कोटा के अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह पंवार सहित एनएचआई की टीम मौके पर मौजूद रही। वहीं तहसीलदार रामदेव धाकड़, भू-अभिलेख निरीक्षक मुकेश कुमार, पटवारी राजेंद्र वैष्णव, फुलियाकलां पुलिस जाप्ता, राजस्व विभाग के कार्मिक तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी कार्रवाई में तैनात रहे।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि अतिक्रमण हटने से राजमार्ग की दृश्यता बेहतर होगी, यातायात अधिक सुगम बनेगा और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी।

## अनुसूचित जाति प्रदेश मंत्री मेघवंशी पहुंचे सोपुरा देवनारायण



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे की निकटवर्ती जाटों का सोपुरा गांव में बगेड़ा के देवनारायण मंदिर पर शनिवार को अनुसूचित जाति के प्रदेश मंत्री रोशन मेघवंशी एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे । सांवरमल सालवी बड़ला ने बताया कि जाटों का सोपुरा गांव बनास नदी किनारे स्थित बगेड़ा के देवनारायण मंदिर पर आकोला निवासी देबीलाल के सामाजिक कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के प्रदेश मंत्री रोशन लाल मेघवंशी देवनारायण मंदिर पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों व समाज जनों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया, प्रदेश मंत्री मेघवंशी ने समाज में शिक्षा एवं बालिका शिक्षा पर जोर दिया । इस दौरान शंकर लाल बड़ला, छोटू लाल आटून, पन्नालाल सालवी सोपुरा, शंभू लाल, गोवर्धन लाल, भेरूलाल आदि कई मौजूद रहे।

## जनता जल योजना संचालक की मनमानी से बेरा गांव में पेयजल संकट

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के बेरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनता जल योजना संचालक की मनमानी के चलते लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बेरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जनता जल योजना की संचालक की मनमानी के चलते पिछले पांच दिन से अनियमित जलापूर्ति के कारण लोगों को पेयजल संकट से जुझना पड रहा है। मजबुरी वश लोगों को हैंडपंप और कुओ से पानी लाकर के प्यास बुझाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## श्यामगढ़ पंचायत के गांव टहला में जल सुरक्षा योजना की तीन दिवसीय कार्यशाला



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** जल सुरक्षा योजना की तीन दिवसीय कार्यशाला फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के तत्वाधान में श्यामगढ़ पंचायत के गांव टहला में संपन्न हुई इसके दौरान संस्था के मयूर कुमार सालवी चैतन पवारा, मुकेश शर्मा, मोहनलाल गुर्जर और सुगना मेघवाल ने बताया कि कार्यक्रम में खेलों के माध्यम से जल बजट तैयार किया गया। ग्रामीणों ने वर्षा जल संचयन फसल चक्र पानी की बर्बादी रोकने सामूहिक प्रयासों से जल स्त्रोतों का संरक्षण करने व बूंद बूंद ड्रिप सिंचाई तकनीकी से जल बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यशाला में टहला गांव समिति के सचिव नाना लाल जी और सभी ग्रामवासी महिला पुरुष आदि उप-स्थत रहे।

प्रधानाध्यापक पुरन मल बड़ौदिया ने भी जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी और बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने और अभिभावकों को समय समय पर पेरेंट्स मीटिंग में आने की जानकारी दी।

# नसीराबाद के फारकिया में नरेगा कार्यस्थल पहुंचे कांग्रेस नेता; डोटासरा और चौधरी ने उठाया फावड़ा, श्रमिकों संग जमीन पर बैठकर खाया खाना

स्मार्ट हलचल





**ब्यावर।** नसीराबाद अजमेर के नसीराबाद क्षेत्र में चल रहे कांग्रेस के 'संगठन सृजन अभियान' के तहत शनिवार सुबह राजनीति का एक बेहद संवेदनशील और अनूठा रूप देखने को मिला। ग्राम कानपुरा में रात्रि विश्राम के बाद, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, ब्यावर जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी सहित दिल्ली और राजस्थान के तमाम जिलाध्यक्ष सुबह ठीक 7 बजे ग्राम फारकिया में मनरेगा कार्यस्थल पर पहुंच गए। यहां नेताओं ने न केवल व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि खुद फावड़ा और तगाड़ी उठाकर करीब 120 नरेगा श्रमिकों के साथ श्रमदान किया।

### भावनाओं का ज्वार: श्रमिकों के पसीने में देश का भविष्य

श्रमदान के बाद श्रमिकों से संवाद करते हुए ब्यावर जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि श्रमिक के हाथों के छाले केवल उसकी मजबूरी नहीं, बल्कि इस देश के निर्माण की असली पहचान हैं। श्रमिक अपने पसीने से गांव और समाज की तकदीर बदलते हैं। उनके बीच काम करके आज जमीनी संघर्ष को करीब से महसूस करने का मौका मिला है।

### साझा चूल्हा: जमीन पर बैठकर किया भोजन

इस दौरान उस समय माहौल पूरी तरह अपनत्व के रंग में रंग गया जब श्रमदान के बाद पीसीसी चीफ डोटासरा, जिलाध्यक्ष चौधरी और अन्य नेताओं ने वीआईपी कल्चर को छोड़, श्रमिकों के साथ जमीन पर टाट-पट्टियों पर बैठकर उनके घरों से लाया गया सादा भोजन (रोटी-सब्जी और प्याज) बेहद आदर के साथ खाया।

### मनरेगा को खत्म करने की साजिश का आरोप

कार्यस्थल पर महिला श्रमिकों से बातचीत के दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला गया। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार बजट में कटौती और जटिल नियम थोपकर मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना को बंद करना चाहती है। कांग्रेस नेताओं ने संकल्प जताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में श्रमिकों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक लड़ी जाएगी।

### पूरे प्रदेश में गूंजेगी अंतिम छोर की आवाज: डोटासरा

पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने इस अनूठी पहल की तारीफ करते हुए कहा कि फारकिया गांव से शुरू हुआ यह जन-संवाद और श्रमदान का सिलसिला थमने वाला नहीं है। 'संगठन सृजन अभियान' के तहत आगामी दिनों में पूरे राजस्थान में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

## जल संरक्षण का संदेश देने निकलेगी 'वंदे गंगा' रैली

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जल संरक्षण और जन- जागरूकता के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत रविवार, 31 मई को शहर में भव्य रैली एवं साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली सुबह 7:30 बजे जिला कलक्टर कार्यालय से रवाना होकर नगर निगम स्टेडियम पहुंचेगी।

जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। अभियान के माध्यम से जल बचाने, जल स्त्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया जाएगा।

आयोजकों ने पत्रकारों, खेल प्रेमियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर जल संरक्षण के इस जन अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## भाजपा किसान मोर्चा सम्मेलन में गूंजा किसानों के उत्थान व संकल्प

# केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से किसानों की आय बढ़ी-प्रदेशाध्यक्ष चौधरी

### मोदी सरकार द्वारा किसानों को आत्म निर्भर बनाने पर जोर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भारतीय जनता पार्टी जिला भीलवाड़ा के किसान मोर्चा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुआ, कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी रहे अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की विशिष्ट अतिथि भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक जबर सिंह सांखला, उदयलाल भड़ाना,लादू लाल पितलिया, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री रेवत सिंह राजपुरोहित, प्रदेश कार्यालय मंत्री किसान मोर्चा सत्येंद्र त्यागी ने अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद सुभाष चंद्र बहेडीया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, पूर्व महापौर राकेश पाठक, पूर्व विधायक बालू राम चौधरी मंचासिंन थे कार्यकर्ता सम्मेलन का स्वागत उद्बोधन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर जाट सागवा ने किया कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि सम्मेलन में किसानों के हित में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं कृषि नवाचारों, प्राकृतिक खेती, सिंचाई विकास ,आधुनिक कृषि तकनीकों तथा किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैलाश पचौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने किसान अपनी उपज का उचित मूल्य, समय पर मुआवजा और कृषि संसाधनों की सुविधाओं से वंचित रहता था किसानों को बिचौलियो और राष्ट्रीय व्यवस्था का सामना करना पड़ता था जिससे उनके आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं हो सकी, उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार किसानों के खाते में सीधे सहायता राशि भेज रही है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से देश के करोड़ों किसानों को प्रति वर्ष 6000 की आर्थिक सहायता सीधे बैंक खाते में जमा हो रही है इसी किसानों को खेती के लिए बीज, खाद एवं अन्य आवश्यक संसाधन जुटाना में सहायता मिली है कैलाश चौधरी ने बताया कि 2014 से पहले 22 से 23 हजार करोड़ किसानों के लिए बजट होता था आज नरेंद्र मोदी सरकार में किसान बजट 125000 करोड़ हो चुका है इसमें सिर्फ 65000 करोड़ तो किसानों के सीधे खाते में जाते हैं किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए उन्नत बीज, संतुलित खाद जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रयोग पर जोर दिया।

मशरूम सहेजन (मोईला) , खजूर की खेती करने की कहा कि प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा चौधरी ने कहा कि मशरूम मोईला एवं खजूर की खेती कर लाखों कमाए जा सकते हैं उन्होंने किसानों को आलू से आलू चिप्स और टमाटर से टमाटर सॉस बनाकर बेचना आना चाहिए उन्होंने कृषि के तीन महत्वपूर्ण कानून के बारे में अपनी जानकारी दी इसमें किसानों को घर बैठे देशभर मे फसल बेची जा सकती है भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा नेबताया कि भाजपा सरकार किसानों को केवल सहायता नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान देने का कार्य कर रही है उन्होंने बताया अभी हाल ही में संपन्न जिला प्रशिक्षण शिविर की देशभर में चर्चा के बारे में बताया साथ ही पश्चिम बंगाल में 28 सीटों के प्रभारी रहे किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी द्वारा 27 सीटों पर जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड बनाया।

आधुनिक तकनीक और प्राकृतिक खेती पर फोकस उन्होंने किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर तकनीक, सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात कही, साथ ही फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा दी जा रही है वहीं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के जरिए किसानों को अपनी भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसल उत्पादन की जानकारी मिल रही है, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है राज्य सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार भी किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, विद्युत आपूर्ति सुधार, पशुपालकों के लिए सहायता, कृषि उपकरणों पर विशेष अनुदान तथा ग्रामीण विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को केवल सहायता ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर और सम्मान देने का कार्य कर रही है।

इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामपाल चौधरी, भगवान लाल कुमावत कैलाश सुथार, कन्हैया लाल शर्मा ,जिला महामंत्री शैलेंद्र नाथ व्यास, लोकेंद्र सिंह, जिला मंत्री चेन सिंह लाल गुर्जर, हिम्मत सिंह चुंडावत, सत्यनारायण तेली, रवि कुमार राव ,भाग चंद सनाढ्य, गोपाल गाडरी, किशन लाल जाट, मथुरालाल जाट लीना टेलर ,पिंटू खारोल, गोविंद वैष्णव भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, गोपाल तेली अंकुर बोरदीया, अजय नौलखा मनोज बुलानी, शशांक बिरला, अभीश्रुता सोलंकी, आकाश मालावत, महेंद्र नायक शाहिद सैकड़ो किस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। इससे पूर्व नवनियुक्त किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष जिला भाजपा कार्यालय आनेपरउनका किसान मोर्चा पदाधिकारीयो ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया।

## छः माह से सड़क तोड़ डामरीकरण निर्माण नहीं - नायक



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** शाहपुरा- उपतहसील मुख्यालय ढिकोला (डूंगरी चोराया) से लेकर खायड़ा तक 14 किमी सड़क को पिछले 6 माह से पूरी तोड़ रखी ! सड़क तोड़ कर उस पर गिट्टी डाल रखी ! जिससे आमजन व राहगीर आए दिन परेशान है ! सड़क पर गिट्टी होने से आए दिन बाइक सवार का एक्सीडेंट हो रहा व फिसल कर गिर रहे ! सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं होने के कारण धूल मिट्टी उड़ रही है ! सड़क पर गुजरना जानलेवा हो रहा है ! विभाग के अधिकारी मोन बैठे है आखिर क्या वजह है की आमजन को पिछले 6 माह से परेशानियों का सामना झेलना पड़ रहा ! हादसों को रोकने के लिए जल्द सड़क पर डामरीकरण करवाया जाए ! अन्यथा बड़े स्तर पर ग्रामीणों सहित आमजन आंदोलन करेंगे ! जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार व प्रशाशन की होगी ! जल्द डामरीकरण का कार्य सुचारु नहीं किया जाता तो आंदोलन करेंगे ! इस मुद्दे में अभिषेक पाराशर, परमेश्वर जागेटिया, चेतन भाट, ओमप्रकाश वैष्णव, प्रदीप भाट, मिश्री लाल रेगर, भेरू खटीक, राधेश्याम खटीक, रवि खटीक, देवीलाल बैरवा, दिलखुश तेली, किशन बावरी, शिव बलाई, विष्णु रेगर, पवन भाट, सागर बावरी, दीपक खंडेलवाल अन्य मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा को मिली 50 ई-बसों की सौगात, सांसद अग्रवाल ने किया हाईटेक ई-बस स्टैंड का निरीक्षण

## दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी विशेष सुविधा, स्थानीय युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के अवसर

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर को प्रथम चरण में प्रदान की गई 3,000 इलेक्ट्रिक बसों में से 50 ई-बसों की सौगात भीलवाड़ा को मिली है। इन बसों के संचालन की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। इसी क्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल और नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने टंकी बालाजी के समीप विकसित आधुनिक ई-बस स्टैंड एवं चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सांसद अग्रवाल ने कहा कि भीलवाड़ा को मिलने वाली यह सुविधा शहर के परिवहन इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने बताया कि ई-बस स्टैंड का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक सुविधाओं के साथ किया गया है। यहां बसों के लिए व्यवस्थित चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं, जिससे संचालन में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

सांसद अग्रवाल ने बताया कि ई-बसों को यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। प्रत्येक बस में आठ हाई-रिजोल्यूशन कैमरे और वॉयस रिकॉर्डिंग सिस्टम लगाए गए हैं, जो किसी भी दुर्घटना, विवाद या असामान्य गतिविधि की स्थिति में संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना उपलब्ध कराएंगे। इससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और निगरानी व्यवस्था भी मजबूत बनेगी।दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बसों में विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। आसान चढ़ने-उतरने की व्यवस्था के साथ इन्हें सभी वर्गों के लिए सुगम बनाया गया है।

### स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार

नगर निगम ने ई-बसों के संचालन के लिए ड्राइवरों के अलावा आवश्यक स्टाफ की भर्ती स्थानीय स्तर पर करने का निर्णय लिया है। इससे शहर के युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। खास बात यह है कि भर्ती प्रक्रिया में महिलाओं को प्राथमिकता देने की योजना भी बनाई गई है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### ट्रैफिक और प्रदूषण से मिलेगी राहतः-

सांसद अग्रवाल ने कहा कि ई-बस सेवा शहर और आसपास के 10 से 20 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करेगी। इससे आमजन को सस्ती, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। बड़ी संख्या में लोग निजी दोपहिया और चारपहिया वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे, जिससे शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और वायु प्रदूषण में कमी आएगी।


### जल्द सड़कों पर दौड़ेंगी ई-बसेंः-

निरीक्षण के बाद शहरवासियों में ई-बस सेवा के शीघ्र शुभारंभ को लेकर उत्साह बढ़ गया है। आधुनिक सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर यातायात व्यवस्था के साथ यह परियोजना भीलवाड़ा को स्मार्ट और स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# वंदे भारत में नो टिकट-नो एंट्री, 9 यात्रियों से वसूले 21 हजार रुपए

### ट्रेन में जनरल व प्लेटफॉर्म टिकट वैध नहीं, 9 बेटिकट यात्रियों से 21 हजार वसूले

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** वंदे भारत एक्सप्रेस में बिना टिकट या बिना आरक्षण यात्रा करना यात्रियों को भारी पड़ सकता है। दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में शुक्रवार को टिकट जांच के दौरान 9 यात्री बिना वैध टिकट यात्रा करते पकड़े गए। रेलवे ने उनसे किराया और जुर्माना मिलाकर कुल 21,457 रुपए वसूले। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वंदे भारत जैसी पूर्णतः आरक्षित प्रीमियम ट्रेन में बिना पेनल्टी टिकट जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्णतः आरक्षित श्रेणी की ट्रेन है। ऐसे में बिना आरक्षण अथवा वैध यात्रा प्राधिकार के सफर करना रेलवे नियमों का उल्लंघन है। जांच के दौरान पकड़े गए यात्रियों को देय किराए के साथ अतिरिक्त शुल्क का भुगतान करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि वंदे भारत में ट्रेन के भीतर बिना पेनल्टी टिकट जारी करने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में गलती,जल्दबाजी या गलतफहमी में ट्रेन में चढ़ने वाले यात्रियों को भी नियमानुसार किराया एवं जुर्माना भरना पड़ सकता है। यदि कोई यात्री अगले स्टेशन पर उतरना चाहता है तो उसे भी निर्धारित नियमों के तहत देय राशि का भुगतान करना आवश्यक होता है।

रेलवे ने यात्रियों से ट्रेन में सवार होने से पहले ट्रेन संख्या, गंतव्य स्टेशन और कोच की जानकारी की पुष्टि करने की अपील की है। वंदे भारत एक्सप्रेस में ऑटोमेटिक डोर सिस्टम लगा हुआ है, जिसके तहत ट्रेन रवाना होने से पहले सभी दरवाजे स्वतः बंद हो जाते हैं और यात्रा के दौरान लॉक रहते हैं। ऐसे में ट्रेन चलने के बाद बीच रास्ते में चढ़ना या उतरना संभव नहीं होता।

रेल प्रशासन ने अपनों को छोड़ने स्टेशन आने वाले लोगों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी है। डीआरएम के अनुसार प्लेटफॉर्म टिकट केवल स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर प्रवेश की अनुमति देता है,ट्रेन में यात्रा की नहीं। ऐसे में परिजनों को छोड़ने आए लोगों को ट्रेन के भीतर नहीं चढ़ना चाहिए। प्लेटफॉर्म टिकट लेकर ट्रेन में पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ रेलवे नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

### 9 यात्रियों से वसूले 21 हजार रुपए

जोधपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि शुक्रवार रात जोधपुर पहुंची ट्रेन संख्या 26481 दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस में कुल 9 यात्री बिना टिकट पाए गए। चेकिंग स्टाफ राजेन्द्र कुमार यादव एवं हुकमाराम द्वारा इन यात्रियों से 11,457 रुपए किराया तथा 10 हजार रुपए जुर्माना सहित कुल 21,457 रुपए वसूले गए। उन्होंने बताया कि मंडल पर सघन टिकट जांच अभियान निरंतर जारी है।

# पोटला प्राचीन नागेश्वर महादेव मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** पोटला सांवलिया जी के निकट प्राचीन नागेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण में भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।

आयोजक सत्यनारायण शंकर लाल लक्षकार ने बताया कि मंदिर में 11 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक एवं महा आरती का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल छाया रहा। इस अवसर खेमराज लखारा,गुलाबचंद, घनश्याम लक्षकार,सुनील, विनय, प्रकाश, निखिल लक्षकार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भक्तगण, श्रद्धालु और आसपास के क्षेत्रों से आए महानुभाव उपस्थित रहे। भक्तों ने भगवान नागेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की सफलता पर सभी भक्तों, पंडितों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व पार्षद अम्बालाल सालवी के निधन पर शोक सभा आयोजित

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़



चित्तौड़गढ़ दुर्ग निवासी समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद 88 वर्षीय अम्बालाल सालवी के निधन पर शनिवार को उनके निवास स्थान पर शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान विधायक चंद्रभान सिंह आक्या सहित अनेक गणमान्यजनों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने अम्बालाल सालवी को समाज के लिए समर्पित, सेवाभावी एवं मिलनसार व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सालवी ने अपने जीवनकाल में सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे सदैव याद रखा जाएगा।

इस अवसर पर स्वतंत्र लेखक एवं प्रशासनिक अधिकारी जोधपुर मदन सालवी 'ओजस्वी' ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत अम्बालाल सालवी को समाज का मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि उनका स्नेह, मार्गदर्शन एवं सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य नागरिक, रिश्तेदार एवं परिजन उपस्थित रहे।

# नोटिस के बाद भी नहीं हटे कब्जे, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने चलाई जेसीबी

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** नेशनल हाईवे 148 डी पर स्थित चावंडिया चौराहे पर शनिवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। दुकानों के आगे किए गए अवैध कब्जों तथा सड़क किनारे फल-सब्जी के थेलों और अस्थायी केबीनों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे 148डी पर अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर शनिवार को कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया गया।

उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे 148डी की सड़क के सेंटर से दाएं-बाएं 15-15 मीटर तक के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा, ताकि सड़क चौड़ीकरण एवं विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार रमेश मीणा, नेशनल हाईवे के साइट इंजीनियर मुकेश सिंह, इंजीनियर गोविंद सिंह, पटवारी जितेंद्र महावर, जहाजपुर थाना पुलिस तथा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के जवान मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जबकि आमजन ने हाईवे को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने की पहल का स्वागत किया।

# माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 31 मई को झांतला माताजी परिसर में

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

सावित्रीबाई फूले सेवा संस्थान, चित्तौड़गढ़ फूल माली समाज के तत्वावधान में रविवार 31 मई को झांतला माताजी परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के जिलाध्यक्ष हेमराज माली के नेतृत्व में किया जाएगा, जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं सहित राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा।

जिलाध्यक्ष हेमराज माली ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार प्रातः 9 बजे होगा। समारोह में शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले समाज के प्रतिभावानों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए एक विशेष बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग भाग लेंगे। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, सामाजिक जागरूकता बढ़ाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

इसके अलावा समाज में बालक-बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने पर भी चर्चा होगी।

हेमराज माली ने बताया कि आगामी समय में विभिन्न चुनावों एवं सामाजिक संस्थाओं में समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए भी रणनीति तैयार की जाएगी, ताकि समाज की भागीदारी और प्रभाव को मजबूत बनाया जा सके।

समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

# श्री सीताराम सत्संग भवन ट्रस्ट द्वारा मानव सेवा की दिशा में बड़ा कदमः धर्मशाला में 45 लाख लागत का 150 किलोवाट सोलर प्लांट स्थापित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



श्री सीताराम सत्संग भवन ट्रस्ट, भीलवाड़ा द्वारा गौ-सेवा, कबूतर-सेवा व अनवरत हरि कीर्तन के साथ-साथ मानव सेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल की गई है। ट्रस्ट द्वारा निर्धन एवं असहाय लोगों की सहायता हेतु महात्मा गांधी आरोग्य सदन परिसर में नवनिर्मित 'श्री सीताराम धर्मशाला' में 150 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित करवाया गया है। आवास हाउसिंग बोर्ड के सहयोग से स्थापित इस सोलर प्लांट की अनुमानित लागत लगभग 45 लाख है। यह प्लांट प्रतिदिन 600 यूनिट बिजली का उत्पादन करेगा, जिससे धर्मशाला की बिजली संबंधी आवश्यकताएं पूर्ण होंगी तथा संचालन लागत में राहत मिलेगी।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रामपाल सोनी ने वित्तीय सहयोग के लिए आवास फाइनेंस की समस्त टीम का आभार व्यक्त किया। संस्था के मंत्री राजेश जैन एवं कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण तोषनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सोलर प्लांट से होने वाली बचत का सीधा लाभ धर्मशाला में सेवा लेने वाले लाभार्थियों को मिलेगा एवं सेवा शुल्क में राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि धर्मशाला में आने वाले प्रत्येक लाभार्थी से फीडबैक फॉर्म भरवाया जाता है, जिससे संस्था द्वारा दी जा रही सेवाओं के प्रति जनमानस के विचार ज्ञात होते हैं और सेवाओं में निरंतर सुधार किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने हेतु यह पहल की गई है। कार्यक्रम में श्री गोपाल राठी,राधेश्याम चेचानी, कैलाश कोठारी, जगदीश कोगटा, रमेश राठी, सत्यनारायण मुन्दडा,महावीर समदानी, लक्ष्मी नारायण काबरा, महेश देवपुरा, सुशील मारोटिया, गोपाल नारानीवाल, सुरेश कचोलिया, प्रहलाद सोनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# तेल गैस के दाम में वृद्धि ओर बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल | कोटा

पेट्रोल डीज़ल रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के औरदेश में बेलगाम बढ़ती महंगाई के विरोध में ने ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल के नेतृत्व कार्यकताओं ने राष्ट्रपति के नाम स्छरू दीगोद को प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया और केंद्र सरकार से मांग की बढ़ती हुई पेट्रोल डीज़ल रसोई गैस की कीमतों और समय पर आपूर्ति नहीं होने से ग़रीब किसान, मजदूर आम आदमी बेहाल है दोहरी मार झेल रहा है कीमते बढ़ने से आर्थिक समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है गीता मेघवाल ने बताया कि तेल ओर गैस तथा दैनिक जीवन की आवश्यकताओ की चीजों के लगातार दाम बढ़ाने से गृहणियों का बजट बिगड़ गया और गरीब लोगों का परिवार पालना मुश्किल हो गया है तथा कीमतों पर नियंत्रण लगाने में सरकार लाचार फेल है महंगाई रोकने की कोई नीतियां नहीं है केंद्र सरकार इवेन्ट के जरिय आम जनता से मनोरंजन कर खिलवाड़ कर रही है परिवारों का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है प्रदर्शन में ब्लॉक के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें वरिष्ठ नेता जवाहरलाल सेन सुरेशचंद मीणा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राम कैलाश मेघवाल चंद्रभान लश्करी चेतन रेसवाल पृथ्वीराज लश्करी दिनेश कुमार यादव राजकुमार मीणा मंडल प्रभारी,दीपक मीणा नरेंद्र सेनी हेमराज मीणा मुकेश मीणा केवलराम मेघवाल रवि बघेरवाल इकाई अध्यक्षगण महावीर कराडिया, हनुमान मीणा हरिशंकर मेघवाल एडवोकेट महेंद्र मेघवाल सावरा गुर्जर विष्णु मीणा महावीर मीणा कालूलाल मेहरा नवल मेघवाल सोनू मीणा सत्यनारायण मेघवाल एडवोकेट राहुल मीणा महावीर मेघवाल रोहित करण, गिरिराज आकाश मीणा राजाराम मेरोठा नंदबिहार यादव लटूर पंकज निरंजन मेघवाल आयुष सेन चेतन मेघवाल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

# बाल विवाह और लैंगिक हिंसा के खिलाफ महिलाओं को किया जागरूक

### सखी संस्थान ने सूरजपुरा गांव में आयोजित की जागरूकता बैठक

स्मार्ट हलचल




भीलवाड़ा । सखी संस्थान द्वारा सूरजपुरा गांव में महिलाओं की बैठक आयोजित कर बाल विवाह एवं लैंगिक हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक की शुरुआत सखी संस्थान की प्रतिनिधि हेमलता ने संस्थान के परिचय के साथ की। उन्होंने बताया कि सखी संस्थान एक महिला-नेतृत्व वाला जमीनी संगठन है, जो महिलाओं, किशोरियों, बच्चों एवं युवाओं के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, बाल संरक्षण तथा सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संस्थान का उद्देश्य ऐसा जागरूक और संवेदनशील समाज बनाना है, जहां प्रत्येक महिला और लड़की सम्मान, सुरक्षा और समान अवसरों के साथ जीवन जी सके।

बैठक के दौरान हेमलता ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बाल विवाह लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और भविष्य की संभावनाओं को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि बालिकाओं के अधिकारों और विकास पर सीधा प्रहार है। इसे रोकने के लिए परिवार, समुदाय, पंचायत, विद्यालय और प्रशासन की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है।

कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों के विरुद्ध होने वाली लैंगिक हिंसा, घरेलू हिंसा, भेदभाव और सामाजिक असमानताओं पर भी चर्चा की गई। उपस्थित महिलाओं को हिंसा की पहचान करने, उसके खिलाफ आवाज उठाने तथा उपलब्ध कानूनी सहायता और सरकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें अपने परिवार और गांव में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक के अंत में उपस्थित महिलाओं ने बाल विवाह रोकने, लैंगिक हिंसा के खिलाफ मुखर होने तथा किशोरियों की शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सामाजिक बदलाव के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा भी दिलाया।

# बिजयनगर में महंगाई, पानी-बिजली संकट को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल



**बिजयनगर।** नगर कांग्रेस कमेटी बिजयनगर के तत्वावधान में नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन चौराहा पर महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के बढ़ते दामों, पानी की किल्लत, बिजली संकट तथा सफाई व्यव-स्था की बदहाली को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राकेश पारीक ने कहा कि जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है और बढ़ती महंगाई से आमजन प्रभावित हो रहा है। वहीं पीसीसी सदस्य संग्राम सिंह गुर्जर एवं जिला महासचिव पीयूल लूणावत ने कांग्रेस को जनता की आवाज बताते हुए जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने की बात कही। नगर अध्यक्ष अंकित तातेड़ ने कहा कि वार्डों में आयोजित 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पानी, बिजली और सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि व्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व पार्षद, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, वार्ड अध्यक्ष, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे। अंत में अंकित तातेड़ ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# एएनटीएफ की पहलः आईटीआई में गूंजी नशा मुक्ति की हुंकार, 270 से अधिक युवाओं ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** जिले में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और जागरूक बनाने के उद्देश्य से एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स एनटीएफ चौकी भीलवाड़ा द्वारा शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में 'नशा मुक्त भारत' एवं 'लक्ष्मण रेखा अभियान' के तहत विशाल जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 270 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लेकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम.एन. एवं पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में थाना प्रताप नगर थानाधिकारी सुनील कुमार एवं एएनटीएफ चौकी प्रभारी अयूब मोहम्मद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। युवाओं को इस बुराई से




दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को जीवनभर नशे से दूर रहने तथा समाज में जनजागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित 'नई दिशाएं' संस्था के प्रतिनिधि विनोद शर्मा ने युवाओं को मानसिक तनाव, गलत संगति और नशे की लत के बीच संबंधों को समझाते हुए व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक सोच से युवा किसी भी प्रकार की लत से स्वयं को बचा सकते हैं। कार्यक्रम की सफलता में आईटीआई उपनिदेशक सूरज पंवार, जीआई अमित अग्रवाल एवं संस्थान के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अधिकारियों ने ऐसे जागरूकता अभियानों को समय की आवश्यकता बताते हुए भविष्य में भी इनके निरंतर आयोजन की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान एएनटीएफ चौकी भीलवाड़ा से चौकी प्रभारी अयूब मोहम्मद, कांस्टेबल राधेलाल, सुरेश नाथ, राजाराम एवं राजेश कुमार सहित पुलिस टीम मौजूद रही। वहीं थाना प्रताप नगर पुलिस भी कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुस्तैद रही। भीलवाड़ा पुलिस और एएनटीएफ की इस संयुक्त पहल को विद्यार्थियों एवं नागरिकों द्वारा सराहा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 'लक्ष्मण रेखा अभियान' के तहत जिले के स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रमों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## साबुन खरीदने के बहाने दुकान से 1.87 लाख रुपए की चोरी



स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र के हाजीपुर गांव में शुक्रवार शाम एक किराना दुकान से 1 लाख 87 हजार 700 रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने साबुन खरीदने के बहाने दुकानदार को बातचीत में उलझाकर गल्ले से नकदी पार कर दी। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। किराना व्यापारी पिंटू अग्रवाल ने बताया कि हाल ही में सरसों बेचने के बाद प्राप्त राशि गल्ले में रखी हुई थी। शुक्रवार शाम करीब 6:45 बजे दो युवक दुकान पर साबुन खरीदने पहुंचे। एक युवक ने सामान दिखाने के बहाने उन्हें व्यस्त रखा, जबकि दूसरे ने मौका पाकर गल्ले से नकदी निकाल ली। फुटेज में दोनों संदिग्ध चोरी करते दिखाई दिए हैं। व्यापारी ने बानसूर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## महेश नवमी पर्व को हर्षोल्लास से मनाने हेतु श्रीनगर माहेश्वरी सभा की बैठक आयोजित

**समाजजनों ने विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर की चर्चा, युवाओं व महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने पर दिया जोर**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** आगामी महेश नवमी पर्व को भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर श्रीनगर माहेश्वरी सभा की बैठक महेश छात्रावास मे नगर अध्यक्ष केदार गगरानी ने नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक का शुभारम्भ नगर संरक्षक केदार जागेटिया, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, संयोजक अतुल राठी, सह-संयोजक सुरेश बिरला, केजी राठी तथा अर्चित मून्दडा के साथ ही राजेन्द कचोलिया, राधेश्याम सोमानी मरूधरा, नगर महिला मंडल अध्यक्ष वीणा मोदी, सचिव विनिता तोषणीवाल ने भगवान महेश के



समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की बैठक में महेश नवमी पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। समाजजनों ने भगवान महेश की पूजा-अर्चना, शोभायात्रा, किक्रेट, कब्बडी, महिला किक्रेट, तथा सामूहिक प्रसादी आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव प्रस्तुत किए। सभा पदाधिकारियों ने कहा कि महेश नवमी केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि समाज की एकता, संस्कार एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। इस अवसर पर अधिकाधिक समाजबंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में युवाओं को आयोजन की जिम्मेदारियां सौंपने तथा महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिता प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। अंत में सभी समाजजनों से महेश नवमी पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया। अंत में बैठक का समापन समाज हित एवं सफल आयोजन की मंगलकामनाओं के साथ हुआ। बैठक में सत्येन्द्र बिरला, सुरेश कचोलिया, रामकिशन सोनी, महेन्द्र काकाणी, अभिजीत सारडा, प्रहलाद नुवाल, गोपाल नराणीवाल, विनय माहेश्वरी, राजेन्द्र तोषनीवाल सहित विभिन्न क्षेत्रिय सभा, महिला मंडल, युवा संगठन के अध्यक्ष मंत्री के साथ ही समाज के गणमान्य नगारिक मौजूद रहे।

## 21वां एकविशांति कल्याण महाकुंभ 1 से 8 जुलाई तक, नगर निमंत्रण अभियान 7 जून से

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

कल्याण नगरी स्थित श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान तथा श्री कल्लाजी मंदिर मंडल न्यास कल्याण नगरी के तत्वावधान में 21वां अष्ट दिवसीय एकविशांति कल्याण महाकुंभ आगामी 1 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। महाकुंभ के दौरान श्री लिंग महापुराण कथा एवं श्री अति महारुद्र महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें देशभर से संत-महात्माओं एवं हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। आयोजन समिति के अनुसार महाकुंभ को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं और पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

महाकुंभ के तहत श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान



के पदाधिकारियों एवं न्यासियों ने भानपुरा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें महाकुंभ में पधारने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर महाकुंभ के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन भी कराया गया।

**7 जून से घर-घर पहुंचाया जाएगा निमंत्रण**

वेदपीठ की ओर से आगामी 7 जून, रविवार को विशेष नगर निमंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान वीर एवं वीरांगनाएं कल्याण नगरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पीले चावल, पुष्प एवं प्रचार सामग्री देकर श्रद्धालुओं को महाकुंभ में शामिल होने का निमंत्रण देंगे।

इसके साथ ही घरों के बाहर 'सांभ सदाशिव' के स्टीकर लगाकर इस वर्ष भगवान शिव को समर्पित महाकुंभ को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का संदेश भी दिया जाएगा।

**21 जून को निकलेगी आध्यात्मिक कल्याण महापदयात्रा**

महाकुंभ के उपलक्ष्य में 21 जून, रविवार को श्री कल्लाजी मंदिर से चित्तौड़गढ़ दुर्ग तक भव्य आध्यात्मिक कल्याण महापदयात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पदयात्रा में भाग लेने का आह्वान किया है। वेदपीठ पदाधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ की तैयारियों में न्यासियों, कल्याण भक्तों, वीर-वीरांगनाओं, कृष्णा शक्ति दल की मातृशक्ति एवं शक्ति ग्रुप की बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी है। सभी समितियां अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आयोजन को सफल बनाने में जुटी हुई हैं।

## नलों में गंदे पानी की सप्लाई से लोगों में रोष, विभाग ने जल्द सुधार का दिया आश्वासन

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे में इन दिनों पेयजल विभाग की लापरवाही के चलते विभिन्न मोहल्लों में नलों के माध्यम से गंदे पानी की सप्लाई होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी में गंदगी और बदबू आने से आमजन में जलदाय विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। ग्रामीण मोनू शर्मा, मुकबुल खान और मनीष शर्मा ने बताया कि कस्बे के काननुगो मोहल्ला, खातियों का मोहल्ला, राजपुरा मोहल्ला और हरिजन बस्ती में करीब 100 से अधिक नल कनेक्शन हैं। जलदाय विभाग की ओर से एक दिन छोड़कर पेयजल सप्लाई दी जा रही है, लेकिन गुरुवार और शनिवार को हुई जलापूर्ति के दौरान नलों में मटमैला एवं दूषित पानी आया। उनका कहना है कि यह पानी पीने, नहाने और भोजन बनाने के उपयोग योग्य नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि नलों में गंदा पानी आने से बीमारी फैलने



की आशंका बनी हुई है। इसके चलते लोगों को मजबूरन पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लोगों ने विभाग से जल्द समस्या का समाधान कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। इधर जलदाय विभाग के एईएन रामकेश प्रजापत ने बताया कि नई ट्यूबवेलों का मिलान करने के दौरान मिट्टी आने की वजह से पानी गंदा हो गया था। उन्होंने कहा कि जल्द ही पानी की टंकी की सफाई कर स्वच्छ जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

## ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री सुभाष चौधरी का किशनगढ़-अजमेर में स्वागत

स्मार्ट हलचल

**किशनगढ़ / अजमेर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री सुभाष चौधरी के प्रथम गृह क्षेत्र आगमन पर शनिवार को किशनगढ़ एवं अजमेर में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रदेश मंत्री बनाए जाने के बाद पहली बार क्षेत्र में पहुंचे सुभाष चौधरी का कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

अजमेर प्रवास के दौरान सुभाष चौधरी का मोखमपुरा, रामनगर, दूदू, बांदरसिंदरी, पाटन, हरमाड़ा चौराहा किशनगढ़, भाजपा जिला कार्यालय अजमेर सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुभाष चौधरी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के



साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का स्नेह, विश्वास एवं समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए वे सभी के साथ मिलकर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, रणजीत खोड़, शिवरतन सिंह राठौड़, राजू शर्मा, अमित अग्रवाल, कुलदीप सुनारीवाल, दीपेश गुप्ता, किशन बंग, रामदयाल लेगा, शानू शाह, गोपाल शर्मा, हेमचंद टांडी, जगदीश कोठीवाल, रामु चौधरी, विक्रम गुर्जर, भागचंद चौधरी, बलराम सामरिया, राज राव, तरुणा जैन, पंकज पहाड़िया, खलील अहमद, बनवारी यादव, डीसी अग्रवाल, हेमंत हरनावा, जगदीश सिंह शेखावत, हरेन्द्र चौधरी, जीवराज टांडी, जुमन अली, हिम्मत सिंह शेखावत, पुसाराम चौधरी, माधो सिंह, मनेंद्र सिंह खंगारोत, नवीन बैरवा, सूर्यप्रताप सिंह चौधरी, मज्जू चोयल, बलराज सैनी, लक्ष्मीनारायण चौधरी, राजेन्द्र बैरवा, अरविंद चौधरी

भाजपा जिला कार्यालय अजमेर में आयोजित किसान बैठक में राजस्थान किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, राजस्थान सरकार में केबिनेट मंत्री सुरेश रावत, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, भाजपा अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना, संपत सांखला, अर्जुन नलिया, सीमा अखावत, मनीष टेलर, जितेन्द्र कोरानी, विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारी कृष्णपाल सिंह चूंडावत का स्वागत



स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नगर मंडल चित्तौड़गढ़ द्वारा शनिवार को नव मनोनीत प्रदेश मंत्री कृष्णपाल सिंह चूंडावत का मेवाड़ी परंपरा के अनुसार पाग पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश मंत्री कृष्णपाल सिंह चूंडावत ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के युवाओं को संगठन से जोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में भारतीय जनता युवा मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही उन्होंने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए युवाओं के हितों, संगठन विस्तार एवं जनसरोकारों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेश गाड़री, नगर अध्यक्ष अविनाश शर्मा, पवन गोस्वामी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रवि मेनारिया, धीरज सुखवाल, शुभम सुखवाल, हिमांशु जाजू, हेमंत भोई, रवि सालवी, सोनू शेखावत, नीलेश नीलमणि, नवीन तनेजा, भरत जोशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं के सम्मान में उतरी महिला कांग्रेसः सहकारिता मंत्री का फूंका पुतला, बर्खास्तगी की मांग

**अमर्यादित भाषा के खिलाफ चित्तौड़गढ़ में फूटा महिलाओं का आक्रोश; जिला अध्यक्ष यशोदा पुरोहित बोलीं— जनप्रतिनिधि का ऐसा व्यवहार कतई स्वीकार्य नहीं, मांगें सार्वजनिक माफी**






स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

महिलाओं के प्रति अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने के विरोध में शनिवार को चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टेशन चौराहे पर राज्य के सहकारिता मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और उनका पुतला फूंका। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष यशोदा नरेंद्र पुरोहित के नेतृत्व में तथा शहर अध्यक्ष रेणु कँवर राठौड़ की अध्यक्षता में हुए इस प्रदर्शन में संपूर्ण जिले से आई महिलाओं का भारी आक्रोश देखने को मिला।

**गालीबाज मंत्री को तुरंत बर्खास्त करे सरकारः जिलाध्यक्ष पुरोहित**

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष यशोदा नरेंद्र पुरोहित ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा आधी आबादी (महिलाओं) के प्रति अपमानजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सरकार से गालीबाज मंत्री को तुरंत पद से बर्खास्त करने की पुरजोर मांग उठाई। पुरोहित ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले बयानों और व्यवहार पर तुरंत रोक नहीं लगी, तो इस आंदोलन को राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर तक और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

शहर अध्यक्ष रेणु कँवर राठौड़ ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए महिला कांग्रेस सड़क से संसद तक लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मंत्री अपने इस कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

इस दौरान महिला कांग्रेस पदाधिकारियों सहित पुरुष कांग्रेस नेताओं ने भी प्रदर्शन का पुरजोर समर्थन किया। कार्यक्रम में महिला प्रदेश सचिव सफीना खान, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष गायत्री चौधरी, गंगरार-पारसोली ब्लॉक अध्यक्ष कालीबाई गुर्जर, कपासन नगर अध्यक्ष लीला देवी माली, बेगूँ नगर अध्यक्ष नानी बाई रेगर, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा जाट, मीनाक्षी जैन, महासचिव व पार्षद सुशीला देवी रेगर, सचिव मधु गोस्वामी, ममता शर्मा रावतभाटा, शमीना परवीन, दुर्गा जटिया, मुन्नीदेवी तेली, पूर्व पार्षद कुसुम मीणा, धापू देवी प्रजापत, वृत्तिका सालवी, गुड्डी देवी, रुकैया बानू, संजू सालवी, जिला उपाध्यक्ष नगेन्द्र सिंह राठौड़, संगठन महामंत्री अहसान पठान, शहर महामंत्री शम्भूलाल प्रजापत, विधानसभा प्रवक्ता नवरतन जीनगर, ब्लॉक अध्यक्ष परमेश्वर जाट, गंगरार प्रधान प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह, प्रदेश सचिव राजेन्द्र खोईवाल, पार्षद नरेन्द्र कुमार पुरोहित, पार्षद गोस मोहम्मद, शाहरुख खान, अंकुश सुराणा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तीन दुकानों के ताले टूटे, नकदी व सामान चोरी



स्मार्ट हलचल | बानसूर

कस्बे के हरसौरा रोड स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाते हुए उनके ताले तोड़ दिए। चोर एक दुकान से नकदी और कुछ सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष रोशन लाल सैनी ने बताया कि चोरों ने मनोज कुमार एंड कंपनी, श्री दुर्गा इलेक्ट्रिकल और मोनू किराना स्टोर के ताले तोड़े। मोनू किराना स्टोर के गल्ले से करीब 8 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए।

इसके अलावा चोर एक किलो बादाम की पैकिंग खोलकर बादाम खाकर भी चले गए। मनोज कुमार एंड कंपनी और श्री दुर्गा इलेक्ट्रिकल के ताले तो टूट गए, लेकिन शटर नहीं खुलने से चोर वहां चोरी नहीं कर सके। शनिवार सुबह घटना का पता चलने पर व्यापारियों में रोष फैल गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद का प्रदेश अधिवेशन शुरू, साहित्य की सामाजिक भूमिका पर विमर्श

# डिजिटल युग में साहित्य को नई दिशा देने का समय : ओम बिरला

## युवाओं को साहित्य और पुस्तकालय संस्कृति से जोड़ने पर जोर, बाल साहित्य, लोकमंथन और पुस्तकालय संस्कृति को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श

स्मार्ट हलचल | कोटा






शक्ति, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना की भूमि हाड़ौती में साहित्य, संस्कृति और भारतीय चिंतन के पुनर्जागरण का स्वर मुखर हुआ। महानगर अध्यक्ष महेश विजय ने बताया कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद, राजस्थान का 9वां प्रदेश अधिवेशन शनिवार को तलवंडी स्थित राजकीय आयुर्वेदिक योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन में साहित्य की सामाजिक भूमिका, भारतीय ज्ञान परंपरा, लोकभाषाओं के संरक्षण और युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने जैसे विषयों पर गंभीर विमर्श हुआ। उद्घाटन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारतीय साहित्य केवल शब्दों का सृजन नहीं, बल्कि संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना का संवाहक है। उन्होंने कहा कि 1966 से अखिल भारतीय साहित्य परिषद भारतीय संस्कृति, साहित्य और जीवन मूल्यों के संरक्षण तथा प्रसार का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। परिषद ने गांव-ढाणियों में बैठकर सृजन करने वाले साहित्यकारों की आवाज को मंच प्रदान किया और भारतीय विरासत, इतिहास तथा भविष्य की संभावनाओं को अभिव्यक्ति दी।

ओम बिरला ने कहा कि भारत के साहित्यकारों ने विभिन्न कालखंडों में लोकसंस्कृति को जीवित रखा, भाषाओं और बोलियों को समृद्ध किया तथा अपने लेखन से सामाजिक कुरीतियों और विसंगतियों के विरुद्ध जनचेतना का निर्माण किया। साहित्य ने समाज को रचनात्मक दिशा देने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साहित्य परिषद और साहित्यकारों को नई दृष्टि से कार्य करना होगा। प्राचीन और महत्वपूर्ण साहित्यिक कृतियों का डिजिटलीकरण कर उन्हें दुनिया तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। साहित्य व्यक्ति के दृष्टिकोण और जीवन-दर्शन को बदलने की क्षमता रखता है। यदि युवा पीढ़ी के विचारों में सकारात्मक परिवर्तन लाना है तो भारतीय साहित्यकारों की रचनाओं को डिजिटल माध्यमों से युवाओं तक पहुंचाना होगा। अकेलेपन और दिशाहीनता के दौर में साहित्य युवाओं के मानसिक और वैचारिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकता है। कोटा की साहित्यिक विरासत का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि यह शहर सांस्कृतिक और साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध पहचान रखता है। कोटा ने अनेक साहित्यकार, इतिहासकार और लेखक दिए हैं तथा अध्ययन और साहित्य साधना का प्रमुख केन्द्र रहा है, जिसकी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर रही है।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. केशव शर्मा ने किया। स्वागत भाषण में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अन्नाराम शर्मा ने परिषद के उद्देश्यों और साहित्यिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजस्थान में परिषद के लगभग ढाई हजार सदस्य श्रेष्ठ साहित्य सृजन में सक्रिय हैं। उन्होंने हाड़ौती अंचल की साहित्यिक परंपरा और रीतिकाल से लेकर वर्तमान तक की समृद्ध रचनात्मक धारा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र संस्कृति और अध्यात्म के संरक्षण का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। अखिल भारतीय महामंत्री डॉ. भरत ठाकोर ने अधिवेशन की संगठनात्मक और वैचारिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिषद संपर्क, संवाद और सांस्कृतिक चेतना के माध्यम से भारतीय जीवन मूल्यों को मजबूत करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्य, शिव और सुंदरम् की भारतीय अवधारणा को समाज से जोड़ने के उद्देश्य से अधिवेशन में विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया जाता है।

राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल ने कहा कि देश के प्रत्येक क्षेत्र और बोली में अद्भुत साहित्य मौजूद है, जिसे मंच प्रदान करने का कार्य साहित्य परिषद ने किया है। भाषा और बोली से जुड़ाव ही संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव का आधार है। महानगर अध्यक्ष महेश विजय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि परिषद लोकभाषाओं, साहित्य और भारतीय ज्ञान परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि साहित्य ऐसा होना चाहिए जो समाज और भविष्य दोनों का मार्गदर्शन करे। मुख्य संयोजक विष्णु शर्मा हरिहर ने बताया कि द्वितीय सत्र में 'लोकमंथन', बाल साहित्य और लोकसाहित्य पर चर्चा हुई। इसमें भारतीय ज्ञान परंपरा को साहित्य के माध्यम से युवाओं तक पहुंचाने और उन्हें पुस्तकालय एवं अध्ययन संस्कृति से जोड़ने पर विशेष विचार-विमर्श किया गया। 'सेल्फी विद लाइब्रेरी' जैसे अभियानों के माध्यम से नई पीढ़ी को मोबाइल की सीमित दुनिया से निकालकर पुस्तकों और अध्ययन की संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद डॉ. अंजना शर्मा, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नित्यानंद शर्मा, सहसंयोजक राजेन्द्र गौड़, कोटा विभाग संयोजक योगीराज, प्रचार मंत्री राजेन्द्र मोरपा सहित परिषद के विभिन्न प्रांतीय और संगठनात्मक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज अंधड़ और बारिश का कहर: मेड़ता रोड समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गिरे पेड़ व बिजली पोल

### बिजली व्यवस्था चरमराई

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** क्षेत्र में शुक्रवार देर रात आए तेज अंधड़ और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। अचानक बदले मौसम के कारण मेड़ता रोड सहित आसपास के कई गांवों में तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से जगह-जगह पेड़ और बिजली के पोल गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई।

तेज हवा के चलते कई स्थानों पर सड़क किनारे खड़े पेड़ धराशायी हो गए, जबकि अनेक क्षेत्रों में बिजली के पोल क्षतिग्रस्त होने से रातभर और शनिवार सुबह तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली गुल होने से लोगों को पेयजल आपूर्ति, घरेलू कार्यों और अन्य आवश्यक सेवाओं में परेशानी का सामना करना पड़ा।

शनिवार सुबह डिस्कॉम की टीमों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर बिजली व्यवस्था बहाल करने का कार्य शुरू किया। कर्मचारियों को गिरे हुए पोलों और टूटे तारों को हटाने तथा क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दिनभर चले मरम्मत कार्य के बाद कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य की गई।

वहीं दूसरी ओर, लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश से राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात से जहां एक ओर नुकसान हुआ है, वहीं दूसरी ओर गर्मी से राहत मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने तथा टूटे हुए बिजली तारों से दूर रहने की अपील की है।

# डीजीपी डिस्क से सम्मानित होंगे कोटा ग्रामीण पुलिस के हैड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार नागर

## सैकड़ों गुमशुदा नाबालिग बच्चों एवं महिला-पुरुषों की बरामदगी में उत्कृष्ट योगदान पर मिला सम्मान

स्मार्ट हलचल | कोटा



ग्रामीण पुलिस में मानव तस्करी विरोधी यूनिट में कार्यरत हैड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार नागर को पुलिस विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं देने पर राजस्थान पुलिस के सर्वोच्च सम्मानों में से एक 'डीजीपी डिस्क' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा द्वारा प्रदान किया जाएगा।

हैड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार नागर ने अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करते हुए मानव तस्करी विरोधी यूनिट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने गंभीर अपराधों के खुलासे एवं गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश के लिए गठित विशेष टीम के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करते हुए अपने तकनीकी ज्ञान, विकसित सूचना तंत्र एवं अथक परिश्रम से कई महत्वपूर्ण मामलों का सफल अनावरण किया। वर्ष 2025 में उन्होंने थाना चेचट के एक चर्चित प्रकरण में लगभग 10 माह से लापता 50 हजार रुपये की इनामी नाबालिग बालिका को गुजरात के सूरत जिले के कडोदरा क्षेत्र से दस्तयाब करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी प्रकार थाना कनवास के प्रकरण में 4 वर्ष 4 माह से लापता 25 हजार रुपये की इनामी नाबालिग बालिका को बारां जिले के अंता क्षेत्र से तथा थाना मोड़क के प्रकरण में 1 वर्ष 4 माह से लापता 10 हजार रुपये की इनामी नाबालिग बालिका को कोटा से दस्तयाब करवाने में भी उनका विशेष योगदान रहा।

इसके अतिरिक्त उन्होंने वर्ष 2025 में कुल 14 नाबालिग बालक-बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब करवाया। वहीं विशेष अभियान ऑपरेशन सुदामा के तहत 118 महिलाओं एवं 22 पुरुषों सहित कुल 140 गुमशुदा व्यक्तियों को दस्तयाब करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए अब तक 197 प्रशंसा पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए जा चुके हैं। वर्ष 2019 में उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित किया गया था। वहीं वर्ष 2024 में खुशी प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजस्थान में सर्वाधिक नाबालिग बच्चों की बरामदगी के सराहनीय कार्य हेतु पुलिस महानिदेशक द्वारा 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया था।

हैड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार नागर की यह उपलब्धि न केवल कोटा ग्रामीण पुलिस बल्कि पूरे राजस्थान पुलिस विभाग के लिए गौरव का विषय है। वर्तमान में वे मानव तस्करी विरोधी यूनिट में पदस्थापित हैं और अपनी समर्पित सेवाओं से पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहे हैं।

### मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक यूनियन, पुष्कर का महत्वपूर्ण निर्णय

स्मार्ट हलचल | हरिप्रसाद शर्मा

**पुष्कर/अजमेर/** मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक यूनियन, पुष्कर की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक बाजार में अवकाश रखा जाएगा। इसी क्रम में 31 मई 2026 को पुष्कर के समस्त मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय व्यापारियों एवं कर्मचारियों को नियमित विश्राम और पारिवारिक समय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया गया है। यूनियन ने ग्राहकों से अपील की है कि मोबाइल, रिपेयरिंग, रिचार्ज, एक्सेसरीज एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान से संबंधित अपने आवश्यक कार्य अवकाश से पूर्व ही पूर्ण कर लें।

# आधुनिक हॉकी टर्फ और खेल अकादमी का शिलान्यास आज

स्मार्ट हलचल

ब्यावर/जैतारण। राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। जैतारण (ब्यावर) क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक हॉकी टर्फ एवं हॉकी खेल अकादमी की स्थापना होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का भूमि पूजन एवं शिलान्यास 31 मई (रविवार) को प्रातः 9:00 बजे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा किया जाएगा।

### 8 करोड़ का बजट और अंतरराष्ट्रीय स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि बजट वर्ष 2025-26 के अंतर्गत युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के पक्ष में 8 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। इस परियोजना की कुल निर्माण लागत 6 करोड़ 59 लाख 10 हजार 354 निर्धारित की गई है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर द्वारा इसका कार्यादेश भी जारी कर दिया गया है, जिसे 12 जनवरी 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। यह खेल परिसर जैतारण में 8 बांजाकुड़ी रोड, 220 केवी बिजलीघर के पास बनेगा। इसमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के मानकों के अनुसार आधुनिक सिंथेटिक हॉकी टर्फ (एस्ट्रोटर्फ) बिछाया जाएगा।

### खिलाड़ियों को मिलेंगी ये अत्याधुनिक सुविधाएं:

वर्ल्ड क्लास सिंथेटिक हॉकी टर्फ मैदान। बारिश के मौसम में जलभराव रोकने के लिए आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम। खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के बैठने के लिए डगआउट। सुरक्षा के लिए मजबूत बाहरी परिधि दीवार और चैन लिंक फेंसिंग। भूमिगत जल टैंक, पंप रूम, ट्यूबवेल और आधुनिक विद्युत व्यवस्था।

### स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा तराशने का मौका

जिला खेल अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि इस अकादमी की स्थापना से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय और तकनीकी प्रशिक्षण मिल सकेगा। यहाँ नियमित प्रशिक्षण शिविर, अभ्यास सत्र और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मार्च माह में जिला प्रशासन द्वारा पंच गौरव योजना के तहत 60 प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों को खेल किट बांटी गई थी और उन्हें अजमेर के एस्ट्रोटर्फ ग्राउंड पर तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। अब जैतारण में ही ऐसा ग्राउंड बनने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

# दो जिंदगियों को रोशन कर गई नेत्रदानी दाखा बाई

स्मार्ट हलचल | इन्द्रगढ़



कस्बे में शनिवार को नेत्रदान हुआ जिससे दो व्यक्तियों की जिंदगी रौशन हुई। कोई शख्शियत मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन को प्रकाश से भर देता ऐसा ही एक उदाहरण शनिवार को इन्द्रगढ़ मे देखने को मिला। इन्द्रगढ़ निवासी दाखा बाई सैनी की शनिवार तड़के हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई दाखा बाई सैनी के पति प्रेमशंकर सैनी व पुत्र पिंटू सैनी (पत्रकार) की इच्छा से दाखा की मृत्यु के बाद नेत्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार दाखा बाई सैनी की मृत्यु के बाद परिजनों की सूचना पर कोटा से आई विशेष चिकित्सा टीम द्वारा प्रातः 08.30 बजे सफल नेत्रदान की प्रकिया पूरी की गई। नेत्रदान के लिए आई टीम के चिकित्सक ने बताया कि नेत्रदान की प्रकिया मे पार्थिव शरीर मे से दोनों नेत्र की कार्निया को निकालकर किसी जरूरतमंद अन्य दो व्यक्तियों को लगाया जाता है जिससे दो व्यक्तियों के जीवन को प्रकाश मिलता है अतः अधिक संख्या मे नेत्रदान करना चाहिए। इससे पूर्व भी इन्द्रगढ़ मे चार बार नेत्रदान किया जा चुका है लेकिन चारों बार नेत्रदान जैन समाज के लोगों द्वारा किया गया था जैन समाज के अलावा किसी अन्य समाज द्वारा यह इन्द्रगढ़ क्षेत्र में प्रथम नेत्रदान है। नेत्रदान के बाद प्रातः 10 बजे परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

# सिंधु दर्शन यात्रा में हाड़ौती के 28 श्रद्धालु होंगे शामिल

## लेह-लद्दाख में 23 से 27 जून तक आयोजित होगा प्रथम सिंधु कुम्भ, राजस्थान से जाएंगे 200 यात्री

स्मार्ट हलचल | कोटा



लेह-लद्दाख में 23 से 27 जून तक आयोजित होने वाले प्रथम सिंधु कुम्भ एवं सिंधु दर्शन यात्रा में इस वर्ष हाड़ौती अंचल से 28 यात्री भाग लेंगे। यात्रा को लेकर शुक्रवार को कोटा में यात्रियों का सम्मान एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हिमालय परिवार राजस्थान के प्रदेश महामंत्री एवं सिंधु दर्शन यात्रा समिति के प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद पारीक ने बताया कि इस वर्ष राजस्थान से लगभग 200 यात्री सिंधु दर्शन यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा प्रत्येक यात्री को 15 हजार रुपए की अनुदान राशि (सब्सिडी) भी प्रदान की जाएगी।

कोटा में प्रदेश मंत्री रमेश शर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में हाड़ौती क्षेत्र के यात्रियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रमेश शर्मा एवं कल्पना पारीक ने यात्रियों को यात्रा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शुभकामनाएं प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि ऐसी यात्राएं केवल धार्मिक आस्था का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और भारतीय परंपराओं से जुड़ाव को भी सुदृढ़ करती हैं।

सच्चिदानंद पारीक ने बताया कि सिंधु दर्शन यात्रा पिछले लगभग तीन दशकों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और हिमालय परिवार के संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित होती रही है। यह यात्रा भारतीय सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रभावना और हिमालयी सभ्यता के प्रति श्रद्धा का प्रतीक मानी जाती है।

उन्होंने बताया कि 23 से 27 जून तक आयोजित होने वाली इस वर्ष की सिंधु दर्शन यात्रा के लिए देशभर से लगभग चार हजार यात्रियों ने पंजीकरण कराया है, जिससे यात्रा को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा है।

# 48 डिग्री गर्मी में धोरों के बीच शूट हुई राजस्थानी फिल्म 'भक्त सुंदरदास'



स्मार्ट हलचल

**फतेहपुर शेखावाटी।** भीषण गर्मी और करीब 48 डिग्री तापमान के बीच फतेहपुर शेखावाटी व रामगढ़ शेखावाटी के धोरों में राजस्थानी आध्यात्मिक फिल्म 'भक्त सुंदरदास' के प्रथम चरण की शूटिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। शशि सुंदर फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म में कलाकारों और तकनीकी टीम ने कठिन मौसम के बावजूद समर्पण और जुनून के साथ काम किया।

फिल्म का शुभारंभ नगरदास गांव स्थित श्री बालाजी स्कूल एवं बालाजी मंदिर परिसर में हुआ, जहां निर्देशक बी.एल. मान, सह-निर्देशक संजय भाटी, डीओपी सुरेश खांडल सहित पूरी टीम मौजूद रही। स्कूल निर्देशक धर्मपाल मील और ताराचंद मील ने कलाकारों व टेक्नीशियन का सम्मान किया।

भक्ति, त्याग और आध्यात्मिक आस्था पर आधारित फिल्म की कहानी भंवर सिंह शेखावत ने लिखी है, जिन्होंने फिल्म में डबल रोल भी निभाया है। फिल्म में हर्षिका, अमन सिंह राठौड़, ऐश्वर्या, खुशी रानी, राकेश लोहरा (कॉमेडियन जॉनी) समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

लेखक-निर्देशक बी.एल. मान के अनुसार, फिल्म के जरिए राजस्थानी संस्कृति, लोक परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। फिल्म को राजस्थानी सिनेमा के लिए प्रेरणादायक पहल माना जा रहा है।

# अधिवक्ता पर हमले के आरोपियों की पेशी पर कोर्ट परिसर में हंगामा, वकीलों के विरोध के बाद जमानत याचिका वापस

स्मार्ट हलचल | बूंदी



रायथल थाना क्षेत्र में अधिवक्ता हरिओम गुर्जर के साथ घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। इस दौरान अदालत परिसर में माहौल बन गया। बूंदी अभिभाषक परिषद के आह्वान पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता न्यायालय परिसर में एकत्रित हुए और आरोपियों की ओर से पैरवी करने पहुंचे कोटा के अधिवक्ताओं का विरोध जताया। स्थिति को देखते हुए अदालत परिसर में भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।


जानकारी के अनुसार रायथल थाना पुलिस ने अधिवक्ता हरिओम गुर्जर के साथ हुई मारपीट के मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों को अतिरिक्त न्यायालय कनिष्ठ खंड क्रमांक-3 की न्यायाधीश वृष्टि विज के समक्ष पेश किया। मामले में परिवादी अधिवक्ता हरिओम गुर्जर की ओर से बूंदी अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़, उपाध्यक्ष अनीस मोहम्मद बंटी, सचिव पंकज दाधीच सहित परिषद के अनेक सदस्य पैरवी के लिए मौजूद रहे। वहीं अभियुक्त पक्ष की ओर से पैरवी करने के लिए कोटा से कुछ अधिवक्ता बूंदी पहुंचे थे। जैसे ही इसकी जानकारी स्थानीय अधिवक्ताओं को मिली, बड़ी संख्या में वकील कोर्ट नंबर-3 के बाहर एकत्रित हो गए और उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं का कहना था कि एक अधिवक्ता के साथ घर में घुसकर मारपीट की गंभीर घटना हुई है, ऐसे में पूरे अधिवक्ता समुदाय में भारी आक्रोश है।

अदालत परिसर में कुछ समय के लिए माहौल काफी गर्म हो गया। विरोध कर रहे अधिवक्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की पैरवी का विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पुलिस और न्यायालय प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित बनाए रखा। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। विरोध और माहौल के बीच आरोपी पक्ष की ओर से प्रस्तुत की गई जमानत याचिका को वापस ले लिया गया। इसके बाद स्थानीय अधिवक्ताओं ने इसे वकील एकता की जीत बताया। अभिभाषक परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह गौड़ ने कहा कि अधिवक्ता समुदाय के सम्मान और सुरक्षा से जुड़े मामलों में सभी वकील एकजुट हैं और भविष्य में भी इसी तरह एक साथ खड़े रहेंगे।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पेशी की कार्रवाई पूरी होने के बाद अभियुक्तों तथा उनके साथ आए कोटा के अधिवक्ताओं को पुलिस सुरक्षा के बीच अदालत परिसर से बाहर निकाला गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता हरिओम गुर्जर के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद से ही जिले के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। अभिभाषक परिषद लगातार मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है। अदालत परिसर में देखने को मिली वकीलों की एकजुटता ने इस मुद्दे को और अधिक चर्चा में ला दिया।

# बशीर बद्रः जो अपनी ही ग़ज़लों को पाठ्यक्रम में पढ़कर डिग्री लेने वाले अमर शायर बने-आचार्य संजय तिवारी

स्मार्ट हलचल | जयपुर






साहित्य के इतिहास में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता, साहित्य जगत में ऐसे केवल दो ही नाम हैं- एक हैं पंडित विद्यानिवास मिश्र, दूसरे डॉ0 बशीर बद्र। पंडित विद्यानिवास मिश्र जब उच्च शिक्षा में पहुंचे तो उनकी खुद की रचना 'चितवन की छाँव' उन्हें अपने ही पाठ्यक्रम में पढ़नी पड़ी।

बशीर बद्र साहब जब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में पढ़ने पहुंचे तो उस समय तक उनकी गजलें वहां के पाठ्यक्रम में आ चुकी थीं। विचित्र स्थिति तो तब हुई जब बशीर बद्र से उनके ही एक शेर की उन्हीं की व्याख्या से परीक्षक असंतुष्ट हो गए। यह सच में रचना की वह ऊर्जा और शक्ति होती है जब रचना की यात्रा समाज से होकर पाठ्यक्रम तक पहुंचती है और पीढ़ियों को उससे अगली यात्रा के लिए पथ मिलता है।

विश्व के साहित्यिक इतिहास में ऐसे उदाहरण कहीं नहीं हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि इन दोनों सृजनकारों के बहुत निकट रह कर इनसे बहुत कुछ सीखा है। पंडित जी और डॉ बशीर बद्र के कई लंबे साक्षात्कार भी लिये हैं। बशीर बद्र साहब के साथ दर्जन भर से ज्यादा मंचों पर काव्यपाठ भी किया है। तीन बड़े कविसम्मेलन और मुशायरों का संचालन कर बशीर बद्र जी को पढ़वाया भी है। यह अलग बात है कि पत्रकारीय जीवन ने मुझे काव्य मंचों पर ज्यादा दिन रहने नहीं दिया।

इन दोनों रचनाकारों से गहरे सान्निध्य में बहुत सी बातें सीखने को मिलीं। पंडित जी और बशीर बद्र , दोनों को ही रचना से जुड़ने का आधार एक ही कृति बनी। ऐसा उनके साक्षात्कारों से पता चला। बशीर बद्र ने कई बार यह चर्चा की थी। उनकी माता जी अवध क्षेत्र की थीं। कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी के मानस की अधिकांश चौपाइयाँ, दोहे, सोरठे उन्हें कंठस्थ थे। बद्र साहब का बचपन उन्हीं को सुनते आगे बढ़ा था, ऐसा वह बताते थे। स्वाभाविक है कि बशीर बद्र पर गोस्वामी जी का असर बहुत था। इसीलिए वह जन कवि के रूप में शायरी कर रहे थे जिसमे केंद्र हमेशा मनुष्य और मनुष्यता बने रहे। लोक समाहित रहा। पंडित विद्यानिवास मिश्र के साथ भी लोक और लोक जीवन सदैव जीवित रहा। मुझे गर्व है कि मुझे इन दोनों महाविभूतियों को ठीक से समझ कर जीने का अवसर मिला।

यह संयोग भी कहा जा सकता है। ठीक बकरीद यानि ईदुल अजहा के दिन डॉ बशीर बद्र चले गए। उनके निधन की सूचना से साइबर आकाश भर गया। सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि की बाढ़ आ गई। यह संख्या करोड़ो में थी किंतु

उनके जनाजे अर्थात अंतिम यात्रा केवल 20 लोग शामिल हुए। ऐसा क्यों हुआ, यह गंभीर प्रश्न है। क्या भारत का मुसलमान उन्हें शायर नहीं मानता था ? क्या उनकी नज़र में शायर वह इमरान प्रतापगढ़ी ही हैं जो कुख्यात अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी को अपना आदर्श मान कर कसीदे पढ़ते हैं? या केवल वह मुन्नवर राणा साहब, जो हिंदुओं पर छींटाकशी कर के मुशायरों में वाहवाही लूटते रहे। या वह राहत इंदौरी, जो कहते रहे कि किसी के बाप का हिंदुस्तान थोड़ी है? यहां कोई नाम लिखने का मन नहीं था किंतु प्रसंग आ गया। इस्लामी अकादमिक दुनिया को इसका मूल्यांकन करना चाहिए।

बशीर बद्र आम जनता के शायर हैं। वह कभी नहीं मरने वाले रचनाकार है, जो ग़ालिब के बाद अदब की दुनिया के अमर कृतिकारों में शुमार हो गए। भारत में दो ही रचनाकार ऐसे हुए हैं जिनके शेर हमेशा संदर्भ बन कर हाजिर किए जाते हैं। हर महफ़िल में, हर सम्मेलन में, संसद में,भाषण में, तक़रीर में, जुलूस में और बात को पुष्ट करने के लिए बोले जाते हैं, एक हैं दुष्यंत कुमार और दूसरे हैं बशीर बद्र।

## ऊंछपुर में राजस्व विभाग की कार्रवाई

# वर्षों पुराने प्राचीन रास्ते से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू



स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र के ग्राम ऊँछपुर में राजस्व विभाग की टीम ने वर्षों पुराने प्राचीन रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाने की कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव बसने के समय से मौजूद यह रास्ता सीधे बानसूर कस्बे को जोड़ता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अतिक्रमण के कारण बंद पड़ा था। रास्ता खुलने से ग्रामीणों को बानसूर आने-जाने के लिए सीधा और सुगम मार्ग उपलब्ध हो सकेगा। इससे दैनिक आवागमन के साथ-साथ आपातकालीन सेवाओं एवं अन्य आवश्यक कार्यों में भी सुविधा मिलेगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। तहसीलदार ने बताया कि स्थानीय लोगों से मिली शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम ने रास्ते से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। इससे आमजन को आवागमन में राहत मिलेगी। इस दौरान हल्का पटवारी मीना चौधरी सहित राजस्व विभाग की टीम भी मौजूद रही। प्रशासन की कार्रवाई पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल हैं।

# सूरौठ में जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित




## समाज सुधार के बिंदुओं पर हुई चर्चा

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

जांगिड़ ब्राह्मण समाज की तहसील स्तरीय बैठक शनिवार को यहां हिंडौन मार्ग पर स्थित जांगिड़ ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जांगिड़ ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष प्रहलाद ठेकेदार ने की। बैठक में समाज-सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जांगिड़ ब्राह्मण समाज के सूरौठ नगर अध्यक्ष पुरुषोत्तम जांगिड़ ने बताया कि बैठक की शुरुआत समाज के लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर की। बैठक में तहसील अध्यक्ष प्रहलाद जांगिड़, नगर अध्यक्ष पुरुषोत्तम जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष बृजमोहन कपूरा, महादेवा जांगिड़, अशोक बाबूजी, सियाराम जांगिड़, हरि सिंह जांगिड़, राजू बाईजट्ट, चंदा जांगिड़, जगदीश जांगिड़, सोनू जांगिड़, शशि पीटीआई, पुरुषोत्तम जांगिड़ सहित काफी संख्या में समाज बंधुओं ने सामाजिक एकता एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के सम्बन्ध में परिचर्चा की। बैठक से पूर्व समाज की धर्मशाला में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा हवन कार्यक्रम के साथ प्रसादी वितरित की गई। पांच जोड़ों ने हवन में आहुतियां दी। बैठक में समाज के लोगों ने रचनात्मक कार्यों एवं शिक्षा पर ध्यान देने के संबंध में विचार विमर्श किया।

# राज्य बीमा निगम की मैनेजर 10 हजार की घूस लेते गिरफ्तार



**चित्तौड़गढ़।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की स्पेशल टीम ने शनिवार को चित्तौड़गढ़ के कर्मचारी राज्य बीमा निगम की शाखा प्रबंधक, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी संदीपा वोहरा को क्लेम राशि पास करने की एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एसीबी उदयपुर को शिकायत मिली मंडफिया महाराज निवासी सत्यनारायण गाडरी ने स्पेशल यूनिट कार्यालय पर शिकायत दी कि उसका भतीजा दिनेश गाडरी हिंदुस्तान जिंक के कार्यरत था और दुर्घटनावश उसका शरीर लकवाग्रस्त हो गया था। उसके उपचार के बिल स्वीकृत करने की एवज में शाखा प्रबंधक संदीपा वोहरा द्वारा 10 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी, जो बातचीत के बाद 10 हजार रुपये लेने के बाद उक्त कार्य करने को कहा रही है। इस पर एसीबी टीम ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद शनिवार को उदयपुर के डीआईजी डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में निरीक्षक लक्ष्मण डांगी के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए मैनेजर वोहरा को उसके कार्यालय परिसर में ही 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी द्वारा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग पर फोरलेन निर्माण का कार्य प्रारंभ



**निम्बाहेड़ा।** पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रयासों से स्वीकृत निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग के फोरलेन (चौड़ाईकरण) निर्माण कार्य ने अब धरातल पर गति पकड़ ली है। परियोजना के तहत निम्बाहेड़ा से मंगलवाड़ मार्ग पर देवलखेड़ी-डोरिया के मध्य विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं सड़क चौड़ाईकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन आवागमन करते हैं। लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा राज्य सरकार के समक्ष इस आवश्यकता को प्रमुखता से उठाते हुए मार्ग के फोरलेन निर्माण की स्वीकृति दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण परियोजना स्वीकृत हुई। वर्तमान में देवलखेड़ी-डोरिया क्षेत्र में सड़क विस्तार के लिए विद्युत पोलों को हटाने एवं स्थानांतरित करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क चौड़ाईकरण की प्रारंभिक गतिविधियां भी शुरू हो चुकी हैं। कार्य की शुरुआत से यह स्पष्ट हो गया है कि परियोजना अब तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

फोरलेन निर्माण पूर्ण होने के बाद न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इसके साथ ही निम्बाहेड़ा, मंगलवाड़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापार, उद्योग, कृषि एवं परिवहन गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी तथा लोगों का समय एवं संसाधनों की बचत होगी।

# डेढ़ लाख से अधिक बच्चों को पिलाया जायेगा विटामिन-ए घोल

**चित्तौड़गढ़।** जिले में बाल स्वास्थ्य पोषण के तहत बच्चों को बीमारी एवं कमजोरी से बचाने के लिए 29 मई से 29 जून 2026 तक विटामिन-ए की खुराक पिलाई जायेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तारा चन्द्र गुप्ता ने बताया जिले में 9 माह से 5 साल तक के लगभग डेढ़ लाख से अधिक बच्चों को विटामिन-ए घोल की पूरक खुराक पिलाने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। विटामिन-ए आंखों की बिमारीयों जैसे रंतौधी, अंधता से बचाव के साथ साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए आवश्यक है। विटामिन-ए देने से बच्चो में दस्त एवं निमोनिया आदि बिमारीयों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लक्षित बच्चों को दवा की खुराक सभी आंगनवाडी केन्द्रो, उप स्वास्थ्य केन्द्रो तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर पिलाई जायेगी। उन्होने बताया कि जिन गांवों मे आंगनवाडी केंद्र नही है अथवा पद रिक्त है, वहां पर एएनएम द्वारा विटामिन-ए का घोल पिलाया जायेगा।

# हथियार तस्कर गिरोह से दो पिस्टल व दो मैगजीन बरामद

**गंगरार।** पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह के विरुद्ध अनुसंधान के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से दो और अवैध पिस्टल तथा दो मैगजीन बरामद की है। इस कार्रवाई के साथ ही प्रकरण में अब तक कुल तीन अवैध पिस्टल एवं पांच मैगजीन जब्त की जा चुकी हैं।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि एएसपी मुकुल शर्मा के निर्देशन एवं डीएसपी गंगरार शिवप्रकाश टेलर के पर्यवेक्षण एवं थानाधिकारी श्यामाराम के नेतृत्व में एएसआई शैतान सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर जाप्ते के साथ 26 मई को द राईट चॉईस होटल के सामने भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ हाईवे रोड पर अवैध पिस्टल व मैगजीन का खरीददार बबलु सिकलीगर तथा बेचने वाले दीपक उर्फ दीपु नायक, निखिल भोई एवं जितेन्द्र माली को गिरफ्तार कर किया। पुलिस ने बबलु सिकलीगर के कब्जे से एक पिस्टल मय मेगजीन, आरोपी दीपक, निखिल के कब्जे से एक-एक मेगजीन जप्त की गई तथा साथी आरोपी जितेंद्र को भी मौके से गिरफ्तार किया गया।

इस प्रकरण के अनुसंधान के दौरान निखिल भोई ने बताया कि पूर्व मे भी बबलु सिकलीगर को दो अवैध पिस्टल दी थी। बबलु को पूर्व मे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका था, जिसको पुनः जेल से प्राप्त कर उसकी निशादेही से उसके मकान से दो अवैध पिस्टल और बरामद की गई। प्रकरण में अब तक कुल तीन पिस्टल व पांच मैगजीन बरामद हो चुकी है। पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल सप्लाई करने वालों की तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थानाधिकारी श्यामा रामा के नेतृत्व में एएसआई शैतानसिंह, शिवलाल, फुलचंद, कांस्टेबल नन्दराम, प्रदीप कुमार, बलवीर सिंह, कृष्ण कुमार, कुंजीलाल आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस का हमलाः 'भाजपा की कथनी-करनी में अंतर, नीति-नियत में फर्क'

## राज्यपाल से राजस्थान सरकार बर्खास्त करने की मांग, जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | भरत देवड़वाल



**जयपुर/कोटपूतली।** अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस जिला कोटपूतली-बहरोड़ एवं कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को कोटपूतली शहर में जोरदार प्रदर्शन हुआ। कार्यकर्ताओं ने जिलाधीश अर्पण गुप्ता एवं उप जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर महामहिम राज्यपाल से राजस्थान सरकार को बर्खास्त करने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश मीणा का बयानः प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश मीणा ने कहा कि 'भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर है, उनकी नीति और नियत में भी फर्क है '। उन्होंने आरोप लगाया कि लाखों छात्रों के साथ छलावा करते हुए हृश्वश्व' परीक्षा को रद्द करना बेईमानी और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। प्रदेश में कानून व्यवस्था भंग हो चुकी है, महंगाई आसमान छू रही है और पेट्रोलियम पदार्थों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। जगदीश मीणा ने कहा कि ऐसी सरकार को जनता जनार्दन पर शासन करने का अधिकार खत्म हो चुका है। महामहिम से आग्रह है कि इस सरकार को बर्खास्त कर नए चुनाव करवाए जाएं।

**ज्ञापन में उठाए गए मुख्य मुद्देः**

नीट परीक्षा रद्द कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त होना। महंगाई चरम पर, पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ना। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सैनी, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, रामस्वरूप कसाना, रघुवीर यादव, मुन्नानुद्दीन कुरैशी, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मास्टर जगदीश मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस व आदिवासी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। ज्ञापन जिलाधीश अर्पण गुप्ता को सौंपा गया।

# अवैध देशी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार, हथियार बरामद




स्मार्ट हलचल | बानसूर

स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी राजेश यादव ने बताया कि मंडीजा बसई निवासी नीरज उर्फ खल्ली को अवैध हथियार रखने के आरोप में पकड़ा गया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा 315 बोर बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थान में तेज आंधी का तांडवः 70 की रफ्तार से चली हवाएं, रेत के कारण आसमान हुआ पीला

## अजमेर ज़िले सहित पुष्कर में भी आँधी तूफ़ान

स्मार्ट हलचल | हरिप्रसाद शर्मा





**जयपुर।** राजस्थान के कई जिला में शनिवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली है। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे लोगों को तेज धूलभरी आंधी के बाद राहत महसूस हुई। कई शहर के साथ-साथ पुष्कर क्षेत्र और समेत आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ धूल का गुबार छा गया।

**रेत के कारण आसमान हुआ पीला**

शाम के समय अचानक हवा की रफ्तार बढ़ने लगी और कुछ ही देर में आसमान धूल की परत से ढक गया। तेज आंधी के कारण सड़कों पर दृश्यता प्रभावित हुई, जबकि कई स्थानों पर धूल घरों और दुकानों के भीतर तक पहुंच गई। लोगों को कुछ समय के लिए आवाजाही में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, आंधी का असर कम होने के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों ने गर्मी और लू से राहत की सांस ली। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मौसम के इस बदलाव को राहतभरा माना गया।

**चूरू के अलावा ये तीन जिले भी प्रभावित**

श्रीगंगानगर, बीकानेर और सीकर जिलों में धूल और रेत का जबरदस्त बवंडर देखने को मिला। आसमान में धूल छाने से दिन के समय भी अंधेरा महसूस हुआ। सड़कों पर चल रहे वाहनों को हेडलाइट का सहारा लेना पड़ा, जबकि आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ।राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण चूरू, श्रीगंगानगर, बीकानेर और सीकर में रेत का बवंडर आया। इस दौरान दिन में अंधेरा छा गया। वाहनों के भी लाइट जलाने पड़े। बवंडर के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उधर, मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में मौसम के और अधिक सक्रिय रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा, जोधपुर और उदयपुर संभाग के कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी चलने की आशंका है। इसके अलावा कुछ इलाकों में गरज-चमक, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है।

# साढ़े 5 लाख लीटर वॉश नष्ट, 909 आरोपी गिरफ्तार

## प्रदेश में अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्रवाई

**चित्तौड़गढ़।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 1 से 29 मई 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 2010 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 19 लाख 20 हजार 705 रुपए लागत की 7115 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 3 करोड़ 90 लाख 35 हजार 819 रुपए की 38946 लीटर, बीयर 44 लाख 38 हजार 393 रूपए की 19743 लीटर, स्प्रिट 30 लीटर एवं हथकड़ शराब 13287 लीटर जब्त की गई है। इसी क्रम में वॉश 5 लाख 56 हजार 794 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के दौरान बडे वाहन 15, हल्के चार पहिया वाहन 12, तिपहिया वाहन एक एवं दुपहिया वाहन 65 सहित 93 वाहन जब्त करते हुए 909 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।





# सोनाक्षी सिन्हा ने रिवर्स नेपोटिज्म पर की बात

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिस्टम' को लेकर चर्चाओ में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसमें सोनाक्षी एक वकील के किरदार में नजर आएंगी। सोनाक्षी ने इससे पहले फिल्म और अपने किरदार को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि इसमें रिवर्स नेपोटिज्म पर कमेंट भी है।

### संघर्ष कर रही महिलाओं से प्रेरित है किरदार

सोनाक्षी ने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म में कई ऐसे मुद्दों को उठाया गया है, जिनके बारे में हम शायद सोचते भी नहीं। ये वास्तविक लोगों, वास्तविक घटनाओं और हमारे आसपास घटने वाली चीजों से प्रेरित है। कई जगहों पर फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देती है। कोई भी फिल्म जो आपको सोचने पर मजबूर कर दे, वह अच्छी फिल्म होती है। अपने किरदार नेहा राजवंश को लेकर सोनाक्षी ने कहा कि वह अपने पेशे की वजह से नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व की वजह से लोगों से जुड़ाव महसूस कराता है। वह कई खामियों से भरी, बहुआयामी और अपनी गलतियों से जूझने वाली महिला है, जिसके अपने अंदरूनी संघर्ष हैं। ये सभी बातें मुझसे और निश्चित रूप से उन कई और महिलाओं से भी जुड़ी हुई हैं, जो खुद को साबित करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जिन्हें आसानी से सफलता नहीं मिलती।




फिल्म में सोनाक्षी का किरदार नेहा वकीलों के परिवार से आता है। उसके पिता देश के बड़े डिफेंस लॉयर में से एक हैं। लेकिन वो चाहते हैं कि उनकी बेटी फैमिली बिजनेस में शामिल होने से पहले एक वीकल के रूप में काम करके खुद को साबित करे। इस बात पर नेहा अपने पिता से पूछती है, 'यह किस तरह का रिवर्स नेपोटिज्म है?' फिल्म की इस लाइन और कहानी को लेकर सोनाक्षी ने कहा कि यह कहानी कुछ हद तक मेरी अपनी जिंदगी से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ है। मेरे पिता हमेशा मुझसे कहते रहे हैं, 'तुम्हें खुद को साबित करना होगा।' क्योंकि वो खुद भी ऐसे ही थे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम कौन हो; जीवन में आगे बढ़ने के लिए तुम्हें खुद को साबित करना होगा। इसी तरह तुम्हें वह मिलता है, जिसके तुम हकदार हो। इसलिए यह बात भी मेरे लिए बहुत मायने रखती है।

## जल्द ही बड़े पर्दे पर डांस का जलवा दिखाएंगे अहान

अहान पांडे की रोमांटिक ड्रामा हिट फिल्म 'सैयारा' के बाद से ही फैंस उनकी आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अहान जल्द ही पहली बार बड़े पर्दे पर एक अलग तरह के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे।

अहान पांडे ने अपनी पहली ही फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में एक रोमांटिक हीरो के रूप में अपनी खास पहचान बना ली है। आज की युवा पीढ़ी उनकी दीवानी हो चुकी है। इस फिल्म से पहले अहान का एक वेडिंग डांस वीडियो यूट्यूब पर काफी वायरल हुआ था, जिसे 46 मिलियन (4.6 करोड़) से ज्यादा बार देखा गया। इस वीडियो में वह अलाना पांडे की शादी में अनन्या पांडे के साथ 'सात समुंदर पार' और अकेले 'आई एम द बेस्ट' गाने पर नाचते हुए दिखे थे। फैंस को उम्मीद थी कि निर्देशक मोहित सूरी अपनी फिल्म 'सैयारा' में अहान का कोई डांस नंबर रखेंगे, लेकिन फिल्म की कहानी के कारण ऐसा नहीं हो सका। लेकिन अब फैंस की यह ख्वाहिश जल्द ही पूरी हो सकता है। अहान के फैंस का इंतजार अब खत्म होने वाला है। इस समय वे निर्देशक अली अब्बास जफर की एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री शरवरी भी हैं। इस फिल्म में अहान का पहला ऑन-स्क्रीन डांस नंबर होने जा रहा है। इस गाने की शूटिंग यूके के मैनचेस्टर शहर में होगी। गाने को फिल्माने के लिए 4 दिनों का समय तय किया गया है। अहान इसमें पुराने दिग्गज सितारों की तरह क्लासिक बॉलीवुड अंदाज में नाचते और गाते हुए नजर आएंगे। अहान शूटिंग के बचे हुए दिनों में अपने डांस स्टेप्स को और बेहतर करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यश राज फिल्म्स इस गाने के लिए देश के एक बड़े कोरियोग्राफर को चुनने की तैयारी में है। मेकर्स का मकसद एक ऐसा गाना बनाना है, जिसके डांस स्टेप्स हर कोई कॉपी करना चाहे और जो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाए।



# ...क्या पिता जितेंद्र के साथ स्क्रीन शेयर नहीं करना चाहते तुषार कपूर

दिग्गज सितारों के बेटे जब अभिनय जगत में आते तो दर्शकों के मन में दोनों को पर्दे पर एक साथ देखने की ख्वाहिश भी आ जाती है। इंडस्ट्री में पिता-पुत्र की जोड़ी के कई ऐसे उदाहरण भी हैं, जब दोनों ने फिल्मों में साथ काम किया है। हालांकि, इसे लेकर अभिनेता तुषार कपूर थोड़ा अलग विचार रखते हैं। हाल ही में उन्होंने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी। तुषार कपूर का मानना है कि बेहतर होगा कि वे और उनके पिता अपना रिश्ता ऑफ कैमरा ही बनाए रखें। बातचीत के दौरान तुषार कपूर ने इस बारे में बात की। इस दौरान अभिनेता ने अपने पिता जितेंद्र के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा, 'अगर मुझे अपने पिता के साथ काम करना पड़ा, तो मैं बहुत ज्यादा सचेत रहूंगा। मुझे लगता है कि बेहतर यही है कि हम अपने रिश्ते को कैमरे से दूर ही रखें'। तुषार कपूर ने और किरदार एक्सप्लोर करने की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'मेरे आक्रामक, रफ एंड टफ साइड को और ज्यादा एक्सप्लोर किए जाने की जरूरत है। लोगों ने ज्यादातर मेरा फनी और सॉफ्ट साइड ही देखा है'।

## क्या वेदांग की जिंदगी में प्यार की हुई दस्तक?



वेदांग रैना काफी समय से सिंगल हैं। खुशी कपूर से उनका ब्रेकअप हो चुका है। दोनों ने कभी ना अपने रिश्ते को स्वीकार किया था, ना ही कभी ब्रेक की घोषणा की। लेकिन उनके करीबी इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि दोनों का ब्रेक हो चुका है। अब वेदांग रैना को न्योमिका सरन के साथ देखा गया है। वायरल वीडियो में दोनों के बीच अच्छी केमिस्ट्री नजर आ रही थी। न्योमिका की बात करें तो वह अक्षय कुमार की रिश्तेदार हैं। न्योमिका अक्षय कुमार की साली रिंकी खन्ना की बेटी हैं। पिछले दिनों वह सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहीं, उनके लुक और स्टाइल को काफी पसंद किया गया।

### फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में वेदांग आएंगे नजर

इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' 12 जून 2026 को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी अहम किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का संगीत एआर रहमान ने दिया है, गीत इरशाद कामिल ने लिखे हैं। फिल्म के हालिया रिलीज ट्रेलर की भी खूब चर्चा है, इसमें वेदांग की एक्टिंग को पसंद किया जा रहा है।





## पैन-इंडिया की पीरियड ड्रामा फिल्म 'इंडिया हाउस' में नजर आएंगी सई मांजरेकर

अभिनेत्री सई मांजरेकर फिल्ममेकर महेश मांजरेकर की बेटी हैं और धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपना नाम बना रही हैं। सई का मानना है कि भले ही उनके पिता इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं, लेकिन आने वाले समय में केवल अनुशासन, काम के प्रति लगन और कड़ी मेहनत ही उनकी सफलता की पूंजी होगी। अपनी यात्रा को लेकर अभिनेत्री ने कहा, 'मैं हमेशा से अपने फिल्मी बैकग्राउंड के आराम से बाहर निकलकर अपनी खुद की पहचान बनाना चाहती थी। मेरे लिए, विकास लगातार सीखने, अपने काम के जरिए खुद को साबित करने और इन सबके बीच जमीन से जुड़े रहने से आता है।' अभिनेत्री ने आगे बताया कि हर किसी की यात्रा चुनौतियों के साथ आती है और उसकी तुलना करने के बजाय हमें अपने विकास पर ध्यान देना चाहिए। अभिनेत्री सई मांजरेकर बचपन से ही डांस के प्रति गहरी रुचि रखती थीं और अभिनय की दुनिया में आने से पहले उन्होंने अपने पिता की फिल्म 'अस्तित्व' (2018) में एक सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया था। इसके बाद साल 2019 में दबंग-3 में 'खुशी चौटाला' की भूमिका से बॉलीवुड में डेब्यू किया और अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों का ध्यान खींचा। अभिनेत्री जल्द ही पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'इंडिया हाउस' में नजर आएंगी। यह फिल्म 1905 के लंदन में स्वतंत्रता-पूर्व काल की वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है, जो प्रेम और क्रांति की भावना को दर्शाती है, जिसकी शूटिंग हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में हुई है। सई मांजरेकर इसमें 'सती' नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। उनका लुक काफी पारंपरिक है।



# सोशल मीडिया के पागलपन पर रोक लगाना जरूरी

**आहिस्ता-आहिस्ता ही सही पंजाबी फिल्मों की हीरोइन रही वामिका गब्बी ने बॉलिवुड में जगह बना ही ली। एक समय में छोटी-छोटी भूमिकाएं करने वाली वामिका ने मुख्यधारा की नायिका बनने के लिए लंबा इंतजार किया। ग्रहण जैसी वेब सीरीज से चमकी वामिका ने जुबली और खुफिया जैसे ओटीटी प्रोजेक्ट्स से अपनी जमीन पुख्ता की। आज उन्हें अक्षय कुमार, राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना जैसे इंडस्ट्री के टॉप हीरोज की हीरोइन बनने का मौका मिल रहा है।**

एक समय इंडस्ट्री से निराश होकर बोरिया -बिस्तर समेटने का मन बना चुकी वामिका अपने मुकाम को इंजॉय कर रही हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी हालिया फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' से।

सोशल मीडिया के दौर में वामिका गब्बी को कभी तारीफ मिलती है, तो कई बार वे ट्रोल भी जाती हैं। हाल ही में वे उस वक्त ट्रोल हो गईं थीं, जब वे साथी कलाकार राजपाल यादव को तवज्जो नहीं दे पाई थी। सोशल मीडिया की ट्रोलिंग को लेकर वामिका दो टूक कहती हैं, 'मैं समझती हूं कि सोशल मीडिया पर निश्चित रूप से रेगुलेशन होनी चाहिए, क्योंकि यहां पर कोई भी मुंह उठाकर आता है और कुछ भी बोलकर चला जाता है। सोशल मीडिया पर कुछ भी बोलने की कोई अकाउंटेबिलिटी नहीं होती। एक तो सिर्फ एक्टर्स के वेरिफाइड अकाउंट होते हैं। मुझे लगता है हर किसी का वेरिफाइड अकाउंट होना चाहिए। सोशल मीडिया के इस पागलपन पर रोक लगनी जरूरी है। वरना लोग तो पहले से ही पागल हो रहे हैं।'

वामिका से जब पूछा जाता है कि उन्हें किस तरह के हज्बैंड की ख्वाहिश है? तो वे तपाक से हंसते हुए कहती हैं, 'ये आप कैसा सवाल पूछ रही हैं? इसका जवाब तो बहुत मुश्किल है। (सोचते हुए) मेरा होने वाला पति जानवरों से प्यार करने वाला हो। वो फ्रीडम में विश्वास रखे। उसमें बदलाव को स्वीकार करने का गुण हो। कई लोग खुद को बदलने में यकीन नहीं करते, तब बहुत मुश्किल आती है। देखिए, कंपैटिबिलिटी जरूरी है, मगर मेरे होने वाले जीवनसाथी में ये बातें बहुत जरूरी हैं। और भी पॉइटंस हैं, जिन्हें मैं जल्द ही फिगर आउट करूंगी।

कैट फाइट्स ही क्यों, डॉग फाइट्स भी तो होती हैं इंडस्ट्री में कैट फाइट्स जैसा टर्म बहुत मशहूर रहा है। इस पर उस वक्त और ज्यादा चर्चा होती है, जब एक फिल्म में कई एक्ट्रेसेस हों। वामिका की हालिया फिल्म में उनके साथ सारा अली खान के साथ - साथ रकुल प्रीत भी हैं। मगर वामिका कैट फाइट्स टर्म का बचाव करते हुए कहते हैं, 'कैट फाइट्स ही क्यों डॉग फाइट्स भी तो होती हैं। हर जगह हर तरह की फाइट्स होती हैं, ये तो निर्भर करता है कि आप किन लोगों के साथ काम कर रहे हैं। हमारी फिल्म की शूटिंग के दौरान हम सभी ने बहुत ही मजेदार वक्त बिताया। क्लाइमैक्स की शूटिंग के दौरान तो पूरी कास्ट साथ थी और शूटिंग की लोकेशन होटल से एक घंटे की दूरी पर थी, तो हम सभी एक साथ शूट पर जाया करते थे। पंजाबी म्यूजिक के साथ - साथ हम लोग खाना भी साथ खाते। हमने तो एक साथ जिमिंग और स्विमिंग भी की।'

## मैं कॉमिडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहती हूं

अब तक कई गंभीर भूमिकाएं कर चुकी वामिका कॉमिडी के बारे में कहती हैं, 'कॉमिडी करना आसान नहीं था, मगर इसे करते हुए मुझे बहुत मजा आया। मुझे लगा कि मुझे यही करना था। मैं तो इस जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहती हूं। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान भी मैं मुदस्सर सर (निर्देशक मुदस्सर अज़ीज़) के पास कई कॉमिक आइडियाज लेकर जाया करती थी। मेरे अंदर का कॉमिडी वाला जो जानवर है, उसे मुझे निकालने की बहुत जरूरत है। कॉमिक रोल को करते हुए लगा कि मैं इसमें बहुत कुछ कर सकती हूं। मैंने कॉमिडी को हद से ज्यादा इंजॉय किया। मैं मानती हूं कि एक्टिंग के क्राफ्ट में कॉमिडी सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण होती है, मगर एक बार आप जब इस दुनिया में प्रवेश करते हैं और उस हंसी के माहौल और किरदार की नस पकड़ लेते हैं, तो फिर आप उसके साथ आपको बहुत कुछ खेलने को मिलता है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशक एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com